▪ फाल्गुन कृष्णा - 2 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 199 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 14-02-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 आप प्रश्नकाल चलने देते तो मैं शून्यकाल चलाता : ओम बिरला

6 दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक

7 महाशिवरात्रि को समर्पित है 'आदिनाथ शंभू' : कैलाश खेर

# जेपीसी रिपोर्ट पर संसद में राजनीतिक घमासान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। विपक्ष ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट से उनके असहमति नोट हटा दिए गए हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है। इस पर सदन में भारी हंगामा हुआ और विपक्ष ने कार्यवाही से बहिर्गमन कर दिया। बाद में सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए शुद्धिपत्र पेश किया, जिसमें असहमति नोट को शामिल किया गया।

### विपक्ष का आरोप - असहमति नोट हटाए गए

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने दावा किया कि जेपीसी रिपोर्ट में उनके द्वारा दी गई आपत्तियों और सुझावों को नजरअंदाज कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस तरह की प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इससे सरकार की मनमानी झलकती है। उन्होंने मांग की कि रिपोर्ट की समीक्षा होनी चाहिए और विपक्ष की आपत्तियों को स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना चाहिए।



### सरकार का जवाब - रिपोर्ट में कोई बदलाव नहीं

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जेपीसी रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के पेश किया गया है और विपक्ष केवल भ्रम फैला रहा है। उन्होंने विपक्ष पर जानबूझकर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि रिपोर्ट में विपक्ष की सभी असहमति टिप्पणियों को सही तरीके से शामिल किया गया है।

### नड्डा का बयान - विपक्ष का बहिर्गमन राष्ट्रविरोधी ताकतों को समर्थन

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए हंगामा कर रहा है और राष्ट्रविरोधी ताकतों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश को कमजोर करना चाहते हैं, विपक्ष उनका समर्थन कर रहा है। नड्डा ने मांग की कि हंगामा करने वाले विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सदन से निलंबित किया जाए।

### सरकार ने पेश किया शुद्धिपत्र

विपक्ष के लगातार विरोध के बाद भाजपा सांसद मेधा विश्राम कुलकर्णी ने दोपहर में राज्यसभा में शुद्धिपत्र पेश किया, जिसमें जेपीसी रिपोर्ट से हटाई गई असहमति टिप्पणियों को जोड़ा गया। इसके बाद विपक्ष ने इसे अपनी जीत करार दिया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार को विपक्ष के दबाव में झुकना पड़ा और शुद्धिपत्र जारी करना पड़ा।

### सभापति धनखड़ की टिप्पणी - लोकतंत्र मजबूत हो रहा है

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि संसदीय संस्थाएं सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं और सरकार विपक्ष की भावनाओं का सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, लेकिन इसका समाधान संवाद और विचार-विमर्श से ही संभव है।

### बजट सत्र का पहला चरण समाप्त

संसद के बजट सत्र का पहला चरण बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद दोनों सदनों को 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि इस सत्र के दौरान लोकसभा की कार्य उत्पादकता 112% रही, जो दर्शाता है कि सांसदों ने बजट और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की। अब संसद की स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर विचार करेंगी। बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा।

## वित्त मंत्री ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश किया

- नया आयकर विधेयक, जो छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा
- इस विधेयक में कोई नया कर बोझ नहीं
- नए विधेयक में केवल 536 धाराएं हैं।



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया। इस विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन की प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया गया, ताकि समिति इसे अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंप सके। सदन ने इस विधेयक को पेश करने के लिए ध्वनिमत से मंजूरी दी।

नया आयकर विधेयक, जो छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 7 फरवरी को मंजूर किया गया था। वित्त मंत्री ने विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद विधेयक पेश किया और कहा कि यह नया विधेयक अधिक सरल और स्पष्ट होगा, जिससे आम लोग इसे आसानी से समझ सकेंगे।

सीतारमण ने कहा कि नया विधेयक प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने, अस्पष्टता दूर करने और मुकदमेबाजी कम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस विधेयक में कोई नया कर बोझ नहीं डाला गया है।

विधेयक पर तृणमूल कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत राय ने विधेयक में कई नई धाराओं के शामिल होने का विरोध किया, लेकिन वित्त मंत्री ने कहा कि मौजूदा आयकर कानून में 819 धाराएं हैं, जबकि नए विधेयक में केवल 536 धाराएं हैं। उन्होंने इस बदलाव को सकारात्मक बताते हुए कहा कि यह विधेयक कानूनी प्रक्रियाओं को सुलभ बनाएगा और करदाता के लिए आसानी से समझ में आने वाला होगा।

## फर्स्ट टेक

### केंद्र ने दलाई लामा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को संभावित सुरक्षा खतरों के मद्देनजर 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को 89 वर्षीय आध्यात्मिक नेता की सुरक्षा का जिम्मा संभालने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि देश के सभी हिस्सों में दलाई लामा को सीआरपीएफ कमांडो की 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

### जर्मनी : म्यूनिख में चालक ने कार भीड़ में घुसाई, 20 लोग घायल

**बर्लिन/एपी।** जर्मनी के म्युनिख में बृहस्पतिवार को एक कार चालक ने भीड़ में वाहन घुसा दिया जिससे कम से कम 20 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने म्यूनिख शहर के निकट सुबह करीब 10:30 बजे घटी इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि इस घटना में चालक को मौके पर ही ''पकड़ा'' गया और अब कोई खतरा नहीं है। घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कार को देखा जा सकता है। जर्मनी की समाचार एजेंसी 'डीपीए' के अनुसार, अग्निशमन सेवा ने बताया कि कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

### बेंगलूरु में झील से बरामद हुआ युवती का शव, 'ऑनर किलिंग' का आरोप

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक में बेंगलूरु के बाहरी इलाके में एक झील से 21 वर्षीय एक युवती का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान आर. सहाना के रूप में हुई है। वह होसुर के निकट हारोहल्ली की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता ने दावा किया कि यह महज एक दुर्घटना थी जबकि युवती के पुरुष मित्र ने आरोप लगाया कि झूठी शान की खातिर सहाना की हत्या की गई क्योंकि उसके पिता दोनों के अलग-अलग समुदाय से होने के कारण उनके रिश्ते के खिलाफ थे। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के पिता राममूर्ति ने अपनी शिकायत में कहा कि मंगलवार को दोपहिया वाहन चलाते समय उन्होंने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिससे वह और पीछे बैठी उनकी बेटी हेब्बागोडी में एक झील में गिर गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में वह (पिता) बच गया, लेकिन उसकी बेटी कथित तौर पर तैरना नहीं जानती थी इसलिए वह डूब गई।

| | |
|---|---|
| 14-02-2025 सूर्यास्त 6:14 बजे | 15-02-2025 सूर्योदय 6:31 बजे |
| BSE 76,138.97 (-32.11) | NSE 23,031.40 (-13.85) |
| सोना 8,924 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 107,000 रु. प्रति किलो |

### मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क से मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को अपने प्रशासन के नवगठित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का प्रमुख चुना था। मस्क अपने तीन छोटे बच्चों के साथ ब्लेयर हाउस पहुंचे, जो मोदी से मुलाकात के दौरान उनके साथ बैठे हुए थे। इससे पहले, मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल वाल्ट्ज से मुलाकात की। वाल्ट्ज के साथ मुलाकात मोदी की दिन की पहली बैठक थी। इस बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी मौजूद थे। मोदी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए बुधवार शाम अमेरिकी राजधानी पहुंचे। राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस पहुंचने के बाद मोदी ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। मोदी से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही गबार्ड ने ट्रंप की उपस्थिति में देश की आठवीं राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में शपथ ली थी।

### एलन मस्क का आह्वान: सारी एजेंसियों को हटाए अमेरिका

**दुबई/एपी।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में खर्चों में भारी कटौती और प्राथमिकताओं को फिर से तय किए जाने के अपने अभियान के तहत अमेरिका की संघीय सरकार से संपूर्ण एजेंसियों को हटाने का आह्वान किया। मस्क ने दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में विभिन्न देशों की सरकारों के शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉल के माध्यम से एक व्यापक सर्वेक्षण की पेशकश की, जिसमें उन्होंने ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में बताया, जिनमें थर्मोन्यूक्लियर युद्ध और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित खतरों के कई संदर्भ शामिल थे। मस्क ने कहा, हमारे यहां वास्तव में नौकरशाही का शासन है, न कि लोगों का शासन - लोकतंत्र। मस्क काली टी-शर्ट पहनकर सम्मेलन में शामिल हुए जिस पर लिखा था: टेक सपोर्ट।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

**नई दिल्ली/भाषा।** मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद बृहस्पतिवार को हिंसा प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है, जिसका कार्यकाल 2027 तक है।

मणिपुर में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे सिंह ने करीब 21 महीने की जातीय हिंसा के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस हिंसा में अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

सिंह ने नौ फरवरी को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के कुछ घंटे बाद इंफाल में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट भेजे जाने के बाद राष्ट्रपति शासन लगाने का निर्णय लिया गया।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि ''ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती।'' अधिसूचना में कहा गया है, ''अब, संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, मैं घोषणा करती हूं कि मैं भारत के राष्ट्रपति के रूप में मणिपुर राज्य सरकार के सभी कार्यों और इस राज्य के राज्यपाल द्वारा निहित या प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों को अपने अधीन करती हूं।''

## सोशल मीडिया विवाद पर कार्रवाई तेज, रणवीर इलाहाबादिया को पुलिस ने तलब किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया को एक यूट्यूब शो में विवादास्पद टिप्पणी के मामले में बृहस्पतिवार को मुंबई पुलिस द्वारा खार थाने में पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं आए। उन्होंने पुलिस से कहा कि मीडिया का डर उन्हें थाने जाने से रोक रहा है। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें चेतावनी दी है कि वह किसी भी हालत में पूछताछ से बच नहीं सकते और उन्हें शुक्रवार को पेश होना पड़ेगा। इस मामले में अब उन्हें शुक्रवार को पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है।

### समय रैना को भी तलब

रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' से जुड़े कॉमेडियन समय रैना को भी पुलिस ने जांच के लिए तलब किया है। रैना, जो अभी अमेरिका में हैं, को मुंबई पुलिस और महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ ने अगले पांच दिनों में पेश होने का निर्देश दिया है। रैना ने जांच अधिकारियों से अधिक समय मांगा है, लेकिन उन्हें 17 फरवरी तक बयान देने के लिए कहा गया है।



### मीडिया से डर का हवाला

रणवीर इलाहाबादिया ने पुलिस से कहा कि वह मीडिया के दबाव के कारण पेश नहीं हो सके, लेकिन अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि वह जांच से भाग नहीं सकते। पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को खार थाने में रिपोर्ट करने के लिए आदेश दिया है। इस मामले में कार्रवाई तेजी से की जा रही है, और पुलिस अधिकारियों ने सभी आरोपी पक्षों से जांच में शामिल होने की उम्मीद जताई है।

### गुवाहाटी में दर्ज मामले की जांच

इलाहाबादिया और शो के अन्य प्रमुख नामों को गुवाहाटी पुलिस ने तलब किया है, जहां उनके खिलाफ अश्लीलता को बढ़ावा देने का आरोप है। असम पुलिस की एक टीम मुंबई में मौजूद है और मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा, गुवाहाटी पुलिस ने सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों के लिए इलाहाबादिया और अन्य को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग का नोटिस

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने भी इलाहाबादिया और शो के अन्य पैनलिस्ट को 17 फरवरी को दिल्ली में पेश होने का आदेश दिया है। आयोग ने उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी को लेकर जांच शुरू की है। आयोग का मानना है कि यह मामला महिला अधिकारों और सम्मान से संबंधित है, जिसके लिए उचित कार्रवाई की आवश्यकता है।

### साइबर प्रकोष्ठ की जांच जारी

महाराष्ट्र साइबर विभाग ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है और इलाहाबादिया, रैना, आशीष चंचलानी सहित शो के कई पैनलिस्ट से बयान लेने के लिए नोटिस जारी किए हैं। पुलिस और साइबर प्रकोष्ठ द्वारा जांच तेज की जा रही है, और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हुई विवादास्पद टिप्पणियों पर कार्रवाई की जा रही है।

## सरकारी विभागों का आधुनिकीकरण आवश्यक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेवा वितरण में दक्षता के लिए जनता की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के मकसद से सरकारी विभागों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपने तंत्र का आधुनिकीकरण करना आवश्यक है।

विभिन्न सरकारी सेवाओं के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकियों, कौशल से अवगत रहने और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल तथा पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने को कहा।

भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय डाक और दूरसंचार (वित्त और लेखा) सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय डाक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने कहा कि सेवा वितरण में अधिक गति और दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि को लेकर जनता की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं।

मुर्मू ने कहा, इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सरकारी विभागों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपनी प्रणाली का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रौद्योगिकियों में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) शामिल हैं।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ट्रम्प सलाह

ट्रम्प कहे यूक्रेन से,
बंद करो अब युद्ध।
ना मानी गर बात तो,
हो जाऊंगा क्रुद्ध।
नाटो बुद्धु बना रहा,
बनो जरा तुम बुद्ध।
बहुत भला मानुष पुतिन,
दोस्त हमारा शुद्ध।।

## पाक सेना प्रमुख ने जेल में बंद इमरान खान से कोई पत्र मिलने से किया इनकार

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान से कोई खत मिलने से बृहस्पतिवार को इनकार किया।



'जियो न्यूज' की खबर के मुताबिक, मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में खान के 'खुले पत्रों' का जिक्र करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि अगर यह खत उन्हें मिल भी जाए तो भी वह इसे नहीं पढ़ेंगे।

जनरल मुनीर ने कहा कि अगर उन्हें ऐसा कोई पत्र प्राप्त होगा तो वह उसे प्रधानमंत्री तक पहुंचा देंगे।

जनरल मुनीर ने कहा कि देश संतोषजनक ढंग से तरक्की कर रहा है और पाकिस्तान विकास के रास्ते पर है। सेना प्रमुख ने कहा, पाकिस्तान आगे बढ़ रहा है और पाकिस्तान को आगे बढ़ना है।

## मेघालय विश्वविद्यालय को बंद करने का आदेश

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मेघालय में चंद्र मोहन झा (सीएमजे) विश्वविद्यालय को बंद करने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया और कुप्रबंधन एवं कई अन्य कमियों के कारण संस्थान को बंद करने के राज्य सरकार के 2014 के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने माना कि कुलपति की नियुक्ति के लिए सीएमजे विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 14(1) के तहत निर्धारित प्रक्रिया का उचित पालन नहीं किया गया।

## तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में महंगी मोटरसाइकिल चलाने को लेकर दलित छात्र पर हमला

**शिवगंगा (तमिलनाडु)/भाषा।** शिवगंगा जिले में अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित एक कॉलेज छात्र पर दूसरी जाति के तीन लोगों ने कथित तौर पर इसलिए हमला कर दिया क्योंकि वह अपने गांव में महंगी मोटरसाइकिल चला रहा था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेलपीडावुर गांव का 21 वर्षीय छात्र बुधवार शाम अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी तीन युवकों ने उसे रोक लिया और हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने कथित तौर पर छात्र से कहा कि उसे इतनी महंगी मोटरसाइकिल चलाने का हक नहीं है। पुलिस अधिकारी ने दावा किया कि तीनों आरोपियों ने बाद में छात्र के घर में तोड़फोड़ की। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़ित युवक के दोनों हाथों में चोटें आईं हैं, जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




# बेंगलूरु मंडल ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में विभिन्न दक्षता शील्ड प्राप्त की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल ने 10 फरवरी को हुब्बल्ली में रेलवे ऑफिसर्स क्लब में आयोजित दक्षिण पश्चिम रेलवे के 69वें रेलवे सप्ताह समारोह में कई दक्षता शील्ड प्राप्त की। दक्षिण पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे और उन्होंने योग्य कर्मियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (वीआरएसपी) 2024 और रेल सेवा पुरस्कार (आरएसपी) 2024 प्रदान किए। कुल 42 रेलवे कर्मचारियों ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि 21 कर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, वर्ष 2023-24 में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए विभिन्न विभागों, मंडलों, स्टेशनों और कार्यशालाओं को 26 दक्षता शील्ड प्रदान की गईं। बेंगलूरु डिवीजन ने इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड, मैकेनिकल दक्षता शील्ड, कार्मिक दक्षता शील्ड, अंतर-विभागीय राजभाषा रोलिंग शील्ड जीती। सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित स्टेशन (प्रमुख) : सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल, बेंगलूरु रहा। सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित रनिंग रूम : एसएमवीटी बेंगलूरु रनिंग रूम।

स्क्रैप प्रदर्शन शील्ड : जनरल स्टोर्स डिपो, हुब्बल्ली के साथ संयुक्त रूप से। कर्मचारियों के प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रयास/उपलब्धि : मैसूरु वर्कशॉप के साथ संयुक्त रूप से, विद्युत कर्षण वितरण शील्ड : मैसूरु डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से, समग्र दक्षता शील्ड : मैसूरु डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से मिला।

कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक केएस जैन, प्रमुख विभागाध्यक्ष और अमितेश कुमार सिन्हा, मंडल रेल प्रबंधक, बेंगलूरु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कर्नाटक और हरियाणा ने राष्ट्रीय खेलों में हॉकी के स्वर्ण पदक जीते

बेंगलूरु/हरिद्वार। हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए बृहस्पतिवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाण को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई।

पूजा



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना करते हुए।

# कर्नाटक निवेशक सम्मेलन में वैश्विक कंपनियों ने कहा- भारत से आयात बढ़ाने पर विचार कर रहे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वैश्विक दिग्गज कंपनियां एयरबस, रॉल्स रॉयस, सफ्रान और कोलिन्स एयरोस्पेस भारत से आयात बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इन चार कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। 'वैश्विक निवेशक सम्मेलन – इन्वेस्ट कर्नाटक-2025' के दौरान 'भारत का मूल: वैश्विक एयंडडी सोर्सिंग के भविष्य को आकार देना' विषय पर समूह चर्चा में उन्होंने वैश्विक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रक्षा आपूर्ति शृंखला में भारत की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त किया। एयरबस के अंतरराष्ट्रीय परिचालन प्रमुख माइकल नार्ची ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में इस क्षेत्र ने जो परिपक्वता हासिल की है, वह 'अविश्वसनीय और आश्चर्यजनक है।'

उन्होंने कहा कि एयरबस भारत के साथ अपनी साझेदारी का लाभ उठाने के लिए उत्सुक है। नार्ची ने कहा, अगर मैं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में पांच साल पहले की स्थिति और आज की स्थिति की तुलना करूं... तो पिछले पांच साल में इस साझेदारी की मात्रा दोगुनी हो गई है। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत एयरबस की समग्र आपूर्ति श्रृंखला में एक अरब यूरो से अधिक का योगदान देता है। सफ्रान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस के परिचालन के कार्यकारी उपाध्यक्ष जीन-नोएल माहियू ने भारत के साथ कंपनी की साझेदारी को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। रोल्स रॉयस के 'एयरोस्पेस प्रोक्योरमेंट' के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ह्यू मॉर्गन ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य भारत के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों का विस्तार करना है।

उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में इस क्षेत्र में अपना आयात दोगुना करना चाहते हैं। कोलिन्स एयरोस्पेस के इंजीनियरिंग उपाध्यक्ष सव्यसाची श्रीनिवास के अनुसार, कोलिन्स भारत से सालाना लगभग 50 करोड़ डॉलर का निर्यात करता है। उन्हें उम्मीद है कि अगले कुछ वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि होगी। एयरोस्पेस इंडिया एसोसिएशन के महानिदेशक और एयरबस इंडिया के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) श्रीनिवासन द्वारकानाथ ने कहा कि बोइंग और एयरबस, दोनों ने अपने वैश्विक बाजार पूर्वानुमान में कहा है कि अगले 20 वर्षों में 42,000 से अधिक नए विमानों की मांग होगी। उन्होंने कहा, भारत ने बड़ी संख्या में विमानों का ऑर्डर दिया है।

## राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण के जवाब के साथ बजट पारित करने का प्रथम चरण पूरा

नई दिल्ली/भाषा। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 पर हुई चर्चा का जवाव दिया और इसी के साथ संसद में बजट पारित करने का पहला चरण पूरा हो गया। वित मंत्री ने एक फरवरी को लोकसभा में आम बजट 2025-26 पेश किया था। इसके बाद संसद के दोनों सदनों में आम बजट पर चर्चा हुई। लोकसभा में वित्त मंत्री ने बजट चर्चा का जवाब मंगलवार को दिया था।

उच्च सदन में आम बजट पर हुई चर्चा में 90 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने उच्च सदन में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने इस बार बजट इस प्रकार बनाया है, जिससे विकास को गति मिल सके, समावेशी विकास को हासिल किया जा सके, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिल सके, गृहस्थ लोगों की भावनाओं को बल दिया जा सके तथा भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से क्रय शक्ति बढ़ायी जा सके। उन्होंने कहा कि बजट में चार वर्गों- गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि पूरी अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं में इन वर्गों का ध्यान रखा गया है ताकि उन्हें लाभ मिल सके।

बजट पारित होने के अगले चरण में विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर संसद की स्थायी समितियां विचार करेंगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था और आज पहला चरण संपन्न हो गया। दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा। इस अवधि के दौरान संसद की स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर विचार करेंगी।

# सरकार 92 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराती है: मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को संसद में कहा कि सरकार 92 करोड़ लोगों या देश की 65 प्रतिशत आबादी को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराती है।

मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि करीब एक दशक पहले देश में पेंशन पाने वाले 18 प्रतिशत लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती थी। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 48 प्रतिशत लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा, इसमें राज्यों की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत लाभार्थियों को शामिल नहीं किया गया है। अगर हम इसमें खाद्य सुरक्षा को भी जोड़ दें तो 65 प्रतिशत लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। भारत 92 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की है और आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध है।आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत करीब 65 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विधवा पेंशन योजना और वृद्धावस्था पेंशन योजना भी चला रही है।

व्यापारियों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों के लिए सितंबर, 2019 में शुरू की गई राष्ट्रीय पेंशन योजना के बारे में उन्होंने कहा कि खुदरा व्यापारी/दुकानदार और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलता है। उन्होंने सदन को बताया कि 60 लाख लोग इस योजना के सदस्य हैं, जिसके तहत सदस्य अंशदान करते हैं और सरकार उनके योगदान के बराबर राशि देती है। इस योजना के तहत सदस्यों को 60 वर्ष की आयु में पेंशन मिलती है।

## राज्यसभा में भाजपा सदस्यों ने कहा: आम बजट में आयकर में राहत देने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी

नई दिल्ली/भाषा। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों ने आम बजट में की गई विभिन्न घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि आयकर पर छूट की सीमा बढ़ाने से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ेगी।

उच्च सदन में आम बजट 2025-26 पर चर्चा में भाग लेते हुए भारतीय जनता पार्टी की दर्शना सिंह ने कहा कि बजट में आयकर की जो सीमा बढ़ायी गई है, उससे मध्यम वर्ग को बहुत लाभ मिलेगा और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि देश में एक ऐसा समय देखा गया जबकि यूरिया मांग रहे किसानों पर पुलिस लाठियां चलाती थी, किंतु आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने यूरिया और उर्वरक पर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि आज किसानों के समक्ष यूरिया का कोई संकट नहीं है। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के बालयोगी उमेशनाथ ने कहा कि इस बजट में सरकार ने इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि समाज में पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि देश के लोग कई दशकों से रोटी-कपड़ा-मकान का नारा सुनते आये हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार सत्ता में आने के पहले दिन से इन तीनों के लिए काम कर रही है और आज लोगों को यह पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराये गए हैं। उमेशनाथ ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से क्या होगा? उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को यह प्रश्न उठाने से पहले यह भी देखना चाहिए कि सरकार ने आरोग्य मंदिर भी बनवाये हैं। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 70 साल में जो काम नहीं किए गए, वे पिछले दस साल में किए गए हैं।भाजपा की संगीता यादव ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मध्यम एवं लघु उद्योग क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में रोजगार के अवसर काफी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद से देश के युवाओं की सोच में यह बदलाव आया है कि वे जन प्रतिनिधि के पास रोजगार मांगने नहीं जाते, बल्कि इसलिए सहायता मांगते हैं ताकि वे अपना काम शुरू कर सकें। भाजपा सदस्य बृजलाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों में कृषि क्षेत्र की अनदेखी की गई और देश एक समय खाद्यान्न के लिए अमेरिका पर निर्भर था। इस सरकार ने उर्वरकों के उत्पादन के साथ मोटे अनाजों पर जोर दिया और अब मोटे अनाज 'सुपर खाद्यान्न' बन गए हैं। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को छह हजार रुपए सालाना मिलने से समाज के कमजोर तबके के कई लोग भूमिहीन होने से बच गए।

## आयकर विधेयक का मकसद कर निश्चितता हासिल करना, जटिलता कम करना: आयकर विभाग

नई दिल्ली/भाषा। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि नए आयकर विधेयक का मकसद मुकदमेबाजी और जटिल व्याख्या को कम करके कर निश्चितता हासिल करना है। यह विधेयक आकार में 1961 के आयकर अधिनियम का आधा है।

लोकसभा में पेश किए गए नए विधेयक में 2.6 लाख शब्द हैं, जो मौजूदा आयकर अधिनियम के 5.12 लाख शब्दों से काफी कम हैं। इसमें धाराओं की संख्या भी 536 है, जबकि मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराएं हैं।

आयकर विभाग ने आयकर विधेयक, 2025 के बारे में 'अक्सर पूछे जाने वाले सवाल' (एफएक्यू) जारी करते हुए कहा कि नए विधेयक में अध्यायों की संख्या भी 47 से आधी करके 23 कर दी गई है।

आयकर विधेयक, 2025 में 57 तालिकाएं हैं, जबकि मौजूदा अधिनियम में 18 हैं। नए विधेयक में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक में ''काफी बदलाव'' किए गए हैं। शब्दों की संख्या 5.12 लाख से आधी कर दी गई है और धाराएं 819 से घटाकर 236 कर दी गई हैं।

आयकर विधेयक को लोकसभा की चयन समिति के पास भेजा गया और 10 मार्च तक अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# चीन के साइबर ठगों की मदद करने के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार

अहमदाबाद/भाषा। गुजरात में चीन के साइबर ठगों को धोखाधड़ी से खोले गए बैंक खाते मुहैया कराने के आरोप में एक गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इन बैंक खातों में धोखाधड़ी से हासिल की गई रकम को हस्तांतरित किया जाता था। अहमदाबाद पुलिस की साइबर अपराध शाखा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अब तक 109 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें गुजरात से मिलीं चार शिकायतें शामिल हैं। ये शिकायतें उक्त गिरोह द्वारा पूरे भारत में पीड़ितों को ठगने के लिए इस्तेमाल किए गए इन बैंक खातों के संबंध में हैं। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) लवीना सिन्हा ने कहा, यह गिरोह जाली आधार कार्ड का उपयोग कर चीन के साइबर अपराधियों के लिए बैंक खाते खोलता था। ये अपराधी 'डिजिटल अरेस्ट, नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, किसी काम से संबंधित धोखाधड़ी और निवेश धोखाधड़ी के जरिये लोगों को ठगते थे। इन खातों के जरिये 21 राज्यों के लोगों को ठगा गया।

विज्ञप्ति में कहा गया कि साइबर अपराध शाखा ने एक विशेष सूचना के आधार पर कुछ दिन पहले शहर के चांदखेड़ा इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापेमारी की और पड़ोसी राज्य राजस्थान के नौ लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 मोबाइल फोन, 43 एटीएम कार्ड, 15 सिम कार्ड, 21 चेक बुक और आधार तथा पैन कार्ड जब्त किए।

विज्ञप्ति के अनुसार, उक्त आरोपी राजस्थान के मूल निवासी सुनील धीरानी के कहने पर अहमदाबाद आए थे।

इसमें कहा गया, मुख्य आरोपी और उसके साथी ललित बिश्नोई के निर्देश के अनुसार इन आरोपियों ने जाली आधार कार्ड का उपयोग कर शहर में कई बैंक खाते खोले थे। छापेमारी में जब्त किए गए कुछ आधार कार्ड पर नंबर तो एक ही थे, लेकिन पते अलग-अलग थे, जिनमें चांदखेड़ा, मोरबी और राजकोट के पते शामिल थे। विज्ञप्ति के मुताबिक, धीरानी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम राजस्थान के जोधपुर गई है, लेकिन वह अभी तक पकड़ा नहीं गया है। इसमें कहा गया है कि हालांकि, पुलिस ने ललित बिश्नोई और कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया है।

## तेलंगाना में मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करना भाजपा को स्वीकार्य नहीं : संजय

हैदराबाद/भाषा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनत पार्टी (भाजपा) तेलंगाना सरकार द्वारा मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किए जाने को कभी स्वीकार नहीं करेगी, क्योंकि पार्टी स्पष्ट रूप से धर्म आधारित आरक्षण के खिलाफ है।

कुमार की यह टिप्पणी कांग्रेस सरकार द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद आई है कि वह पिछड़े वर्गों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए जल्द ही विधानसभा में एक विधेयक पारित करेगी और उसे संसद की मंजूरी के लिए भेजेगी।



कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पिछड़ा वर्ग सूची में मुसलमानों को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा स्पष्ट रूप से धर्म-आधारित आरक्षण के खिलाफ है। इस बात से अवगत होने के बावजूद, कांग्रेस अभी भी इसे केंद्र पर थोपने की कोशिश कर रही है, जो सरासर मूर्खता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लागू करने में ईमानदारी नहीं बरत रही।

भाजपा नेता ने कहा कि मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल करना पिछड़े वर्ग को उनके उचित आरक्षण से वंचित करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल किया जाता है, तो पूरा हिंदू समाज ''विद्रोह'' कर देगा।

# बेंगलूरु में झील से बरामद हुआ युवती का शव, पुरुष मित्र ने 'ऑनर किलिंग' का लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु।कर्नाटक में बेंगलूरु के बाहरी इलाके में एक झील से 21 वर्षीय एक युवती का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान आर. सहाना के रूप में हुई है। वह होसुर के निकट हारोहल्ली की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता ने दावा किया कि यह महज एक दुर्घटना थी जबकि युवती के पुरुष मित्र ने आरोप लगाया कि झूठी शान की खातिर सहाना की हत्या की गई क्योंकि उसके पिता दोनों के अलग-अलग समुदाय से होने के कारण उनके रिश्ते के खिलाफ थे। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के पिता राममूर्ति ने अपनी शिकायत में कहा कि मंगलवार को दोपहिया वाहन चलाते समय उन्होंने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिससे वह और पीछे बैठी उनकी बेटी हेब्बागोडी में एक झील में गिर गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में वह (पिता) बच गया, लेकिन उसकी बेटी कथित तौर पर तैरना नहीं जानती थी इसलिए वह डूब गई। इसके बाद युवती का पिता तुरंत पुलिस थाने गया और घटना के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि सहाना के पुरुष मित्र नितिन ने घटना के बारे में पता चलने पर आरोप लगाया कि यह 'ऑनर किलिंग' (झूठी शान की खातिर हत्या) का मामला है। प्रेमी ने दावा किया कि राममूर्ति (युवती का पिता) ने जानबूझकर उसे झील में धक्का दिया होगा क्योंकि वह उनके रिश्ते के खिलाफ थे। अधिकारी ने बताया कि नितिन ने यह भी आरोप लगाया कि पीड़िता के पिता ने रविवार रात को उसे हेब्बागोडी में अपने दोस्त के घर बुलाया और उसकी मौजूदगी में सहाना के साथ मारपीट की थी। इसके बावजूद सहाना उससे शादी करने के फैसले पर अड़ी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान पीड़िता के पिता ने स्वीकार किया कि अपनी बेटी के रिश्ते के बारे में जानने के बाद वह परेशान हो गया था। हालांकि, उसने तब भी यह कहा कि झपकी आने के कारण उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया था, जिससे यह हादसा हुआ। युवती के पिता ने दावा किया कि उसे तैरना आता था, लेकिन वह अपनी बेटी को बचा नहीं पाया। पुलिस ने कहा, ''हमने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपों की जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह दुर्घटना थी या ऑनर किलिंग का मामला था।''

संग्रहालय



अमरोहा में गुरुवार को विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर स्कूली छात्राएँ 1,257 रेडियो के संग्रह वाले एक अनोखे संग्रहालय का दौरा करती हुई।

## केरल के नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग :

# छात्र को निर्वस्त्र किया, शरीर में बार-बार कंपास चुभाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोट्टायम।** सरकारी नर्सिंग कॉलेज में कनिष्ठ छात्रों पर वरिष्ठ छात्रों द्वारा की गई क्रूर रैगिंग के विचलित करने वाले दृश्य बृहस्पतिवार को सामने आए। गांधीनगर पुलिस को मिले फुटेज के अनुसार, पीड़ित छात्र को भयानक क्रूरता का सामना करना पड़ा जिसमें उसे निर्वस्त्र किया जाना और उसके शरीर में बार–बार कंपास चुभाना शामिल है। छात्र को जिस तरह की यातना का सामना करना पड़ा उनमें उसे एक खाट से बांधने के बाद उसके निजी अंगों पर डंबल रखा गया, उसके मुंह में फेशियल क्रीम डालना और उसके शरीर में बार–बार कंपास चुभाना शामिल है।

टीवी चैनलों की ओर से प्रसारित दृश्य के अनुसार, कनिष्ठ छात्र बिस्तर पर पड़ा था और उसके पूरे शरीर पर लोशन लगा हुआ था तथा उसके हाथ–पैर रस्सी से बंधे हुए थे। वह दर्द से चीखता दिखा, जो हिलने में असमर्थ था। इसके बाद वरिष्ठ छात्रों ने छात्र के शरीर के विभिन्न हिस्सों में कंपास चुभाया और तेज आवाज में एक, दो, तीन' गिनते रहे।

फुटेज के मुताबिक, जब पीड़ित दर्द से चिल्ला रहा था, तो आरोपियों ने उसका मजाक उड़ाते हुए 'सेक्सी बॉडी' कहकर ताना मारा और उसे अपमानित किया। पुलिस ने बताया कि तीसरे वर्ष के छात्रों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में रैगिंग की यह क्रूर घटना दर्ज हुई है। यह दुर्व्यवहार लड़कों के छात्रावास में प्रथम वर्ष के नर्सिंग छात्रों को निशाना बनाकर किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए छात्रों में से एक नर्सिंग छात्र संगठन का पदाधिकारी है। पुलिस ने बुधवार को प्रथम वर्ष के छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में तीसरे वर्ष के पांच छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान सैमुअल जॉनसन (20), राहुल राज (22), जीव (18), रिजिल जीत (20) और विवेक (21) के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, रैगिंग पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी।

कोट्टायम जिले के पुलिस प्रमुख शाहुल हमीद ने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या और छात्रों की भी रैगिंग की गई थी। उन्होंने कहा, एक छात्र की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है, लेकिन हम यह पता लगाने के लिए अन्य छात्रों के बयान दर्ज करेंगे कि क्या और भी पीड़ित हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हमीद ने कहा कि जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या कॉलेज प्रशासन की ओर से भी कोई चूक हुई है। सरकारी मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत संचालित नर्सिंग संस्थान में पिछले करीब तीन महीने से रैगिंग चल रही थी, जिसकी शिकायत मिलने के बाद रैगिंग निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118(1), 308(2), 351(1) और 3(5) के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। कॉलेज प्रशासन ने पुष्टि की है कि आरोपी छात्रों को निलंबित कर दिया गया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि वरिष्ठ छात्र रविवार को कनिष्ठ छात्रों से शराब खरीदने के लिए पैसे वसूलते थे और अक्सर उनके साथ मारपीट करते थे। आरोपियों ने 16 नवंबर को कथित तौर पर प्रथम वर्ष के छात्र को धमकी देकर गूगल पे के जरिए 300 रुपये ऑनलाइन भेजने और 500 रुपये नकद देने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने खुलासा किया कि पैसे का इस्तेमाल शराब खरीदने में किया गया। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि प्रभावित छात्रों ने दुर्व्यवहार के बारे में छात्रावास के अधिकारियों, शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित नहीं किया था। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि शिकायत मिलने पर कॉलेज ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान आरोपों की पुष्टि होने के बाद मामला पुलिस को सौंप दिया गया।

## ओडिशा के रैपर ने बेंगलुरु में की आत्महत्या



**बेंगलूरु/भाषा।** ओडिशा के एक रैपर ने कर्नाटक के बेंगलूरु स्थित कडुबीसनहल्ली में अपने किराए के अपार्टमेंट में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना नौ फरवरी की रात को हुई थी। पुलिस के अनुसार, रैपर अभिनव सिंह सात दिन पहले ही बेंगलूरु आया था और एक निजी कंपनी में काम करता था। अपने 'रूममेट' (कमरे में रहने वाले साथी) के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में वापस चला गया और कथित तौर पर जहर खा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने कहा, ''हमें अभी तक यह पता नहीं है कि उसने किस तरह का जहर खाया था और हम 'फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी' की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।'' पुलिस ने बताया कि सिंह के परिवार के अनुसार, उसकी पत्नी उसे परेशान कर रही थी। सिंह के परिवार ने ओडिशा के एक पुलिस थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।





# राज्यपाल ने चेन्नई से विशेष ट्रेन द्वारा काशी तमिल संगमम के लिए 212 प्रतिनिधियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने 13 फरवरी डॉ एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन द्वारा काशी तमिल संगमम 3.0 कार्यक्रम के लिए 212 प्रतिनिधियों के पहले दल की यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में दक्षिण रेलवे के अपर महाप्रबंधक कौशल किशोर, मंडल रेल प्रबंधक बी. विश्वनाथ आर्य, अपर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रताप सिंह, चेन्नई मंडल के वरिष्ठ शाखा अधिकारी, काशी तमिल संगमम समिति के प्रतिष्ठित सदस्य अर्थात् आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि, डॉ. नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी, डॉ. सुधा शेषयान, सीआईसीटी के निदेशक आर. चंद्रशेखरन, रामकृष्ण मठ के प्रतिनिधि, कर्मचारी और रेल उपयोगकर्ता शामिल हुए। छात्रों, लेखकों और शिक्षकों से युक्त प्रतिनिधियों का डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया और उन्हें काशी तमिल संगमम विशेष ट्रेन में चढ़ने के लिए सहायता डेस्क के माध्यम से सुविधा प्रदान की गई, जो गुरुवार को 14.45 बजे बनारस के लिए रवाना हुई।

राज्यपाल आरएन रवि ने प्रतिनिधियों के प्रथम बैच का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें गुलाब के फूल भेंट किये। उन्होंने छात्रों को काशी तमिल संगमम 3.0 में उनकी भागीदारी के विशेष स्मृति चिन्ह, डेलीगेट बैग से भी सम्मानित किया।

काशी तमिल संगमम 3.0 के लिए तमिलनाडु से वाराणसी तक यात्रियों के लिए निर्बाध संपर्क की सुविधा प्रदान करने के लिए, दक्षिण रेलवे कार्यक्रम के कार्यान्वयन एजेंसियों जैसे आईआईटी मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के साथ समन्वय में 05 जोड़ी विशेष ट्रेनें चला रहा है। ये ट्रेनें डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे (02 सेवाएं), कन्याकुमारी (02 सेवाएं) और कोयंबटूर रेलवे स्टेशन (01 सेवा) से रवाना होंगी और तमिलनाडु के महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ेंगी।

## असम पुलिस ने आतंकवादी संगठन अंसारुल्ला बांग्ला टीम के प्रमुख सदस्य को चेन्नई से गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/गुवाहाटी। असम के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु पुलिस के सहयोग से चेन्नई में अंसारुल्ला बांग्ला टीम (एबीटी) और जमात–उल–मुजाहिदीन (जेएम) के एक प्रमुख आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एसटीएफ के महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि देश भर में कट्टरपंथी नेटवर्क और वैश्विक आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाकर चलाये जा रहे 'ऑपरेशन प्रघात' के तहत, असम एसटीएफ ने चेन्नई के सेमेनचेरी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान से उसे गिरफ्तार किया।

ऑपरेशन का नेतृत्व एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक सत्येंद्र सिंह हजारी ने किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान असम के धुबरी जिले के बिलासीपारा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत खुदीगांव भाग–2 के निवासी अबू सलाम अली के रूप में हुई है। महंत ने दावा किया कि इसी मामले में पूर्व में कोकराझार और धुबरी से पकड़े गए व्यक्तियों से उसके संबंध हैं।

## कोच्चि हवाई अड्डे पर पंजाब के व्यक्ति से 16 किलोग्राम गांजा बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोच्चि। केरल के कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 16 किलोग्राम गांजे की तस्करी करने के प्रयास में पंजाब के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि कोच्चि के एयर कस्टम्स ने लुधियाना निवासी बलविंदर सिंह नेगी से लगभग 15.9 किलोग्राम गांजा जब्त किया। वह बैंकॉक से रात 11.09 बजे उड़ान संख्या टीजी 347 से एक बैग में प्रतिबंधित पदार्थ लेकर आया था।

अधिकारियों ने बताया कि विस्तृत जांच चल रही है।

## मखाना बोर्ड की तर्ज पर कटहल बोर्ड का गठन करे सरकार : देवेगौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा ने बृहस्पतिवार को मांग की कि सरकार दक्षिण भारत में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए मखाना बोर्ड की तर्ज पर कटहल बोर्ड का गठन करे।

बुखार से पीड़ित होने के बावजूद केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि वह राज्यसभा से अनुपस्थित नहीं रहना चाहते थे और अपने विचार साझा करना चाहते थे।

बजट की प्रशंसा करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समाज के सभी वर्गों को समर्थन देने और लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए अपना काम किया है।

उन्होंने दक्षिण भारत में कटहल उत्पादन, निर्यात और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए एक बोर्ड की स्थापना की मांग करते हुए बेंगलूरु में पीने के पानी की समस्या को भी उठाया। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में कटहल सड़क के किनारे बेचे जाते हैं और एक अलग बोर्ड युवाओं को मूल्य संवर्धन के लिए प्रोत्साहित करेगा।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि इस उम्र में न केवल सदन में बल्कि समितियों में भी उनकी उपस्थिति बहुत उत्साहजनक है। उन्होंने कहा, ''मैंने सभी पहलुओं पर गौर करते हुए एच डी देवगौड़ा को अनुमति दी है। वह संक्षेप में अपने संबोधन पर विचार करेंगे। (उनके) बाकी (के भाषण) को सदन के पटल पर रखा जाएगा।'' उन्हें जवाब देते हुए, देवगौड़ा ने कहा, मैं आपका आभारी हूं। मैंने संदेश भेजा कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है। मैं आज संसद में भाग नहीं लूंगा। आपने सहानुभूति रखते हुए कहा कि सभा पटल पर पत्र रखिए।''

बाद में अपने भाषण में उन्होंने कहा, ''मुझे बुखार है। मेरी अंतरात्मा ने मुझे अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं दी।''

## मेट्रो किराए में भारी बढ़ोतरी पर कर्नाटक के सिद्दरामय्या का हस्तक्षेप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) को मेट्रो किराए में हुई असमान वृद्धि को ठीक करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने यह हस्तक्षेप तब किया जब मेट्रो किराए में हालिया बढ़ोतरी को लेकर यात्रियों की शिकायतें सामने आईं। सिद्दरामय्या ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर पोस्ट कर कहा, बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने जिस तरह से बेंगलूरु मेट्रो किराया संशोधन को लागू किया है, उससे विसंगतियां पैदा हो गई हैं और कुछ खंडों में किराया दोगुना से भी अधिक हो गया है।

उन्होंने कहा, मैंने बीएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक को इन विसंगतियों को तुरंत दूर करने और जहां असामान्य रूप से वृद्धि हुई है, वहां किराए को कम करने का निर्देश दिया है। यात्रियों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

बीएमआरसीएल ने कहा था कि उसने किराए में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि की है, लेकिन अब यह सामने आया है कि कुछ मार्गों पर यह बढ़ोतरी दोगुने से भी ज्यादा हो गई है। बीएमआरसीएल ने कैब सेवा कंपनियों से प्रेरणा लेते हुए पीक टाइम' के लिए अलग दर भी पेश की। किराए में भारी वृद्धि से छात्रों और निम्न आय वर्ग के लोगों समेत कई यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। किराया बढ़ने के बाद यात्रियों ने बसों और निजी वाहनों का रुख कर लिया। बीएमआरसीएल के सूत्रों के अनुसार, किराया संशोधन के बाद उसकी आय में गिरावट दर्ज की गई है।



## राष्ट्रपति मुर्मू आज बेंगलूरु दौरे पर

बेंगलूरु। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार से कर्नाटक और झारखंड का दो दिवसीय दौरा करेंगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि वह शुक्रवार को बेंगलूरु में 'आर्ट ऑफ लिविंग' की ओर से आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगी। वहीं राष्ट्रपति भवन की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा गया, राष्ट्रपति रांची में बीआईटी, मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह को 15 फरवरी को संबोधित करेंगी।

## तेजस्वी सूर्या ने एचएएल के स्वदेशी बुनियादी प्रशिक्षण विमान में उड़ान भरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या ने यहां जारी 'एयरो इंडिया–2025' के दौरान भारत के स्वदेशी बुनियादी प्रशिक्षण विमान एचटीटी–40 में बृहस्पतिवार को उड़ान भरी। सूर्या ने 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) द्वारा डिजाइन और निर्मित विमान में 30 मिनट तक सवारी की। भाजपा सांसद ने मीडिया से बातचीत में एचएएल की सराहना की और इसे बेंगलूरु एवं भारत का गौरव तथा भारत की वैमानिकी प्रगति का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा, आज मुझे हमारे अपने एचएएल द्वारा निर्मित एचटीटी 40 में उड़ान भरने का अवसर मिला। एचएएल भारत का गौरव है। यह बेंगलूरु का गौरव है। उनके अनुसार, इस विशेष विमान की एक बहुत ही रोचक व महत्वपूर्ण कहानी है, एक विरासत है, राष्ट्र की प्रगति व राष्ट्रीय सुरक्षा में रुचि रखने वाले भारत के लोगों के लिए एक प्रेरणा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 2012 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने एक स्विस कंपनी से प्रशिक्षण विमान खरीदने का ऑर्डर दिया और पिलाटस विमान खरीदे। उन्होंने कहा, यह खरीद सवालों के घेरे में रही और 2019 में सीबीआई जांच से साबित हुआ कि इसमें बिचौलियों की संलिप्तता थी। एचएएल जैसी भारतीय कंपनियों को प्रमुखता नहीं दी गई और लेन–देन गैर–पारदर्शी था। जांच के कारण इस स्विस कंपनी को काली सूची में डाल दिया गया।




पूरी प्रक्रिया के कारण स्वदेशी प्रशिक्षण विमान निर्माण परियोजना को काफी नुकसान हुआ। परियोजना लगभग बंद हो गई थी।

बेंगलूरु दक्षिण से सांसद ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद, तत्कालीन रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर के अथक प्रयासों से एचएएल को स्वदेशी बुनियादी प्रशिक्षण विमान का विनिर्माण पुनः शुरू करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता व प्रशासनिक मदद दी गई।

## मेट्रो रेल किराया वृद्धि में विसंगतियों को दूर करने की गुंजाइश : बीएमआरसीएल एमडी



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । मेट्रो रेल किराये में भारी वृद्धि को लेकर जारी आलोचनाओं के बीच बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) एम महेश्वर राव ने बृहस्पतिवार को संकेत दिए कि किराया वृद्धि में विसंगतियों को दूर करने की कोशिश की जाएगी।

यहां पत्रकारों से मुखातिब राव ने कहा कि किराये में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा, बल्कि सिर्फ विसंगतियां दूर की जाएंगी, जिसका मतलब है कि संशोधन के मूल ढांचे से छेड़छाड़ किए बिना कुछ चरणों के लिए वृद्धि में कटौती की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि बीएमआरसीएल ने मेट्रो रेलवे (संचालन एवं रखरखाव) अधिनियम के प्रावधानों को कमजोर किए बिना किराया वृद्धि में विसंगतियों को दूर करने का प्रस्ताव किया है, जिससे 46 फीसदी यात्रियों को राहत मिलेगी। बीएमआरसीएल को मेट्रो रेल किराये में भारी वृद्धि को लेकर तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। कुछ मामलों में किराये में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है, जिसके चलते मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को हस्तक्षेप करना पड़ा है। राव ने कहा, समिति ने हमें किराया तय करने की एक प्रणाली सुझाई थी। हमें किराया वृद्धि में सुधार और विसंगतियों को दूर करने की कुछ गुंजाइश नजर आ रही है।

उन्होंने कहा, हमने पाया कि कुछ मामलों में किराये में 100 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ोतरी की गई है। कुछ लोगों ने शिकायत की है कि जो यात्री 18 रुपये दे रहे थे, उन्हें अब समान दूरी के लिए 40 रुपये देने पड़ रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मेट्रो कार्ड से किराया 36 रुपये आ रहा है (क्योंकि कार्ड इस्तेमाल करने वालों को पांच फीसदी छूट मिलती है।) कुछ लोगों ने कहा कि जो यात्री पहले 22 रुपये चुका रहे थे, अब उन्हें 50 रुपये देने पड़ रहे हैं।

## भेल को रघुनाथपुर थर्मल संयंत्र में बॉयलर पैकेज स्थापित करने का मिला ठेका

बेंगलूरु/नई दिल्ली/दक्षिण भारत। सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में 2गुणा660 मेगावाट रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन (टीपीएस) के दूसरे चरण में स्टीम जनरेटर (बॉयलर) आइलैंड पैकेज स्थापित करने का ठेका मिला है। कंपनी बयान के अनुसार, यह ठेका दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के जरिये मिला है। परियोजना के कार्यक्षेत्र में स्टीम जनरेटर आइलैंड पैकेज का डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण व उसे चालू करने तथा विद्युत, सिविल व संरचनात्मक कार्यों के साथ–साथ संबंधित सहायक उपकरण शामिल हैं। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) का इस वर्ष की शुरुआत में आईसीबी के तहत ईपीसी आधारित 2गुणा800 मेगावाट की कोडरमा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना स्थापित करने का ठेका भी मिला था।

## नकली एचपीसीएल एनक्लो तेल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

बेलगावी/दक्षिण भारत। एचपीसीएल एनक्लो की अधिकृत टीम ने शिकायत के आधार पर कर्नाटक पुलिस के डीएसपी रोहन जगदीश के आदेश पर एक जगह पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, शाहपुर पुलिस स्टेशन, बेलगावी के इंस्पेक्टर सिद्दप्पा शिमानी की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान दो नकली एचपीसीएल एनक्लो बाल्टी जब्त की गईं। आरोपी की पहचान शिवानंद के तौर पर हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## राष्ट्रीय खेल-तैराकी वर्ग में कर्नाटक के श्रीहरि और दिनिधि को पुरस्कार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक तैराकी संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीहरि नटराज ने हाल ही में उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों की तैराकी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुरुष तैराक और दिनिधि देसिंघु ने सर्वश्रेष्ठ महिला तैराक का पुरस्कार जीता। कर्नाटक तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी गोपाल होसुर ने एक बयान में कहा कि एथलीटों की यह उपलब्धि प्रेरणादायक और राज्य के लिए गर्व की बात है।

## वोल्वो होसकोटे संयंत्र में 1,400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्वीडन की बस और ट्रक विनिर्माता कंपनी वोल्वो ने बेंगलूरु शहर के पास होसकोटे में स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र का 1,400 करोड़ रुपये के निवेश से विस्तार करने का फैसला किया है। कंपनी को इस निवेश से 2,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की मौजूदगी में उनके आधिकारिक आवास 'कावेरी' में इस संबंध में बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।





# नए राजस्थान, बदलते राजस्थान, राइजिंग राजस्थान का सपना होगा साकार : भजनलाल लाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए सभी क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से काम हो रहा है और सभी के प्रयासों से नए राजस्थान, बदलते राजस्थान एवं राइजिंग राजस्थान का सपना साकार होगा।

शर्मा गुरूवार को एक निजी होटल में जेनपैक्ट ग्लोबल मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसके लिए सरकार तथा निजी क्षेत्र द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए सभी क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है और हम सभी के प्रयासों से यह सपना साकार होगा।

उन्होंने जेनपैक्ट के गठन के 20 वर्ष पूरे होने की बधाई देते हुए कहा कि जयपुर और जोधपुर में जेनपैक्ट में कार्यरत लगभग आठ हजार लोगों में 90 प्रतिशत से अधिक काम करने वाले स्थानीय हैं। यह पूरा इको-सिस्टम राज्य में रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में भी जेनपैक्ट ने निवेश कर हजारों लोगों को रोजगार देने की योजना बनाई है। इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन चिन्हीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है और राज्य सरकार द्वारा इस प्रोजेक्ट को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए पूरा सहयोग कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ इन्विट एवं हैम जैसे मॉडलों के आधार पर बड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। हमने पहले ही वर्ष में आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने निवेशकों की सुविधा के लिए डाटा सेंटर नीति, एवीजीसी-एक्सआर नीति एवं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन जैसी नई नीतियां जारी की हैं। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत सूचना प्रौद्योगिकी एवं इससे संबंधित सेक्टर को थ्रस्ट सेक्टर का दर्जा दिया गया है, जिससे राज्य में इस क्षेत्र में निवेश को और प्रोत्साहित किया जा सके।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही कैपिटल एक्सपेंडिचर में 65 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश को और अधिक बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, ओरेकल, सिस्को, अडोबी जैसी अनेक कंपनियों से साझेदारी की गई है। इससे बड़ी संख्या में इच्छुक युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र खनन, पर्यटन, टेक्सटाइल एवं अपैरल जैसे क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा नई नीतियां लाई गई हैं। उन्होंने आह्वान किया कि निवेशक राज्य सरकार द्वारा जारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए राज्य में निवेश करें।

उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है तथा यहां विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य सरकार ने भारत सरकार की विभिन्न कंपनियों के साथ दो लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि के निवेश के लिए एमओयू किए हैं। साथ ही, राज्य में पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना के माध्यम से मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार के साथ एमओए कर लगभग 10 हजार करोड़ रुपए के कार्यों हेतु कार्य आदेश भी जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भू-जल के रिचार्ज को बढ़ाने के लिए अटल भू-जल योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान एवं कर्मभूमि से मातृभूमि जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। जेनपैक्ट के सीईओ बी.के. कालरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में निवेश में अभूतपूर्व काम हो रहा है। हाल में राज्य सरकार द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट से निवेशकों के लिए राज्य में निवेश की नई राह खुली है। उन्होंने कंपनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जेनपैक्ट वर्तमान में राज्य में हजारों युवाओं को रोजगार दे रही है तथा आगे भी प्रदेश के विकास में वे अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

## महाकुंभ से श्रद्धालुओं को ले जा रही बस ने ट्रक को टक्कर मारी, तीन यात्रियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोटा। महाकुंभ में भाग लेने वाले 57 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस बृहस्पतिवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक से टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में भाग लेने के बाद मध्य प्रदेश के मंदसौर लौट रहे थे। सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) हरिराज सिंह ने बताया कि बस ने सुबह करीब साढ़े छह बजे कोटा जिले के करोदिया गांव के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को टक्कर मार दी।

उन्होंने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जिनकी पहचान मध्य प्रदेश के मूल निवासी किशोरीलाल (60), उनकी पत्नी कैलाशीबाई (54) और अशोक के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि दो अन्य लोग घायल हो गए जिनकी पहचान चमनलाल और पार्वती के रूप में की गई है। अन्य यात्री सुरक्षित हैं। एएसआई ने बताया कि संदेह है कि वाहन चलाते समय चालक को झपकी आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के बाद चालक घटनास्थल से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायलों का कोटा के एमबीएस अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।



## राजस्थान लेखा सेवा महिला टीम ने जीती बैडमिंटन ट्रॉफी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान लेखा सेवा महिला टीम ने सी. एस. चैलेंजर कप बैडमिंटन ट्रॉफी पर तीसरी बार कब्जा कर लिया है। एसएमएस स्टेडियम में खेले गए फाइनल में राजस्थान लेखा सेवा महिला अधिकारी टीम ने चिकित्सा सेवा की डॉक्टर्स टीम को 2-0 से हराया। लेखा सेवा ने लगातार तीसरे साल यह ट्रॉफी जीती। फाइनल मैच में राजस्थान लेखा सेवा की लेखाधिकारी (परिवहन) सुसुनिता सैनी व लेखाधिकारी (कोषाधिकारी) जयपुर(शहर) सु महिमा और एसएमएस हॉस्पिटल की डॉ. अक्षी एवं डॉ. भारती के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। विजेताओं को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने ट्रॉफी प्रदान की। फाइनल मैच में मुख्य सचिव सुधांश पंत, कार्मिक सचिव के. के. पाठक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती मालिनी अग्रवाल, संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम, जयपुर जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।



## विधानसभा अध्यक्ष से कानपुर के संत पीठाधीश्वर ने की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से कानपुर के नित्येश्वर आश्रम (उदासीन) के संत पीठाधीश्वर ने गुरूवार को विधान सभा में मुलाकात कर महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित होने वाले नित्येश्वर महादेव के महारूद्राभिषेक और विशाल भंडारा का निमंत्रण दिया। देवनानी ने संत पीठाधीश्वर को सनातनी परम्परा के महापर्व पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी को संत पीठाधीश्वर ने नित्येश्वर ज्ञान गंगा की प्रति भेंट की। देवनानी को बताया कि पुस्तक में सनातन परम्परा और आध्यात्म विषयों से संबंधित तपस्या, वैराग्य, साधना, परमात्मा, वास्तविक शांति, पूजा, भक्ति, अराधना, पाप, पुण्य सहित आस्था और विश्वास से संबंधित आमजन के सामान्य प्रश्नों का सरलता से जवाब दिया गया है।

## चंबल की कराइयों में आबाद हो रही वल्चर की दुनिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोटा। दुनिया में भले ही लोंग बिल्ड वल्चर खतरे की श्रेणी में हो लेकिन चंबल की कराईयों के बीच इनकी आबादी फल-फूल रही है। प्राकृतिक आवास अनुकूल होने से साउथ ईस्ट एशिया की सबसे बड़ी ब्रिडिंग कॉलोनी बनती जा रही है। मोटे अनुमान के तौर पर चंबल में इस समय 150 से 200 के करीब इंडियन वल्चर है। करीब 50 की संख्या में व्हाइट रुम्पेड वल्चर की संख्या है। गिद्धों की यह प्रजाति चंबल पर नेस्टिंग करती है। हाड़ौती में किंग वल्चर की संख्या भी करीब डेढ़ से दो दर्जन के बीच है।

नेचर प्रमोटर एएच जैदी ने बताया कि मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की करीब 250 से ज्यादा प्रजातियां हैं। इनमें क्रेसअेड सरपेंट, ईगल, शॉर्ट टोड,पैराडाइज फ्लाई केचर, सारस क्रेन, स्टोक बिल किंग फिशर, कलर्ड स्कोप्स आउलग्रीन पीजन, गोल्एन ओरिओल, बैबलर, गागरोनी तोता, टुईया तोता, एलेक जेन्डेरियन पैराकीट, रूडी शेल्डक, वाइट पैलिकन, ग्रेट फलेमिंगो, नोर्दन शावलर, नोर्दन पिंटटेल, बार एडेड गूज, ग्रेलेक गूज, गारगेनी टील समेत पक्षियों की कई प्रजातियां हैं। मुकुन्दरा हिल्स को 9 अप्रेल 2013 को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। यह करीब 760 वर्ग किमी में चार जिलों कोटा, बूंदी, झालावाड़ व चित्तौडगढ़ में फैला है। करीब 417 वर्ग किमी कोर और 342 वर्ग किमी बफर जोन है। इसमें मुकुन्दरा राष्ट्रीय उद्यान, दरा अभयारण्य, जवाहर सागर व चंबल घडिाल अभयारण्य का कुछ भाग शामिल है।

प्राकृतिक छटा के साथ मुकुन्दरा विरासत से भरा पड़ा है। रिजर्व में 12वीं शताब्दी का गागरोन किला, 17वीं शताब्दी का अबली मीणी का महल, पुरातात्विक सर्वे के अनुसार 8वीं-9वीं शताब्दी का बाडोली मंदिर समूह, भैंसरोडगढ़ फोर्ट, 19वीं शताब्दी का रावठा महल, शिकारगाह समेत कई ऐतिहासिक व रियासतकालीन इमारतें, गेपरनाथ, गरड़िया महादेव मंदिर भी है, जो कला-संस्कृति व प्राचीन वैभव को दर्शाते हैं।



कांग्रेस नेता सचिन पायलट गुरुवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करते हुए।



## प्रत्येक मरीज को मिले समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा : गजेन्द्र सिंह खींवसर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को जोधपुर के प्रमुख अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें मथुरादास माथुर अस्पताल और महात्मा गांधी अस्पताल शामिल थे। अस्पतालों की विभिन्न इकाइयों के गहन निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को समझा और इनके समाधान के लिए अस्पताल प्रबन्धन को निर्देश दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री खींवसर ने मथुरादास माथुर अस्पताल के आपातकालीन विभाग, आईसीयू-डी रेड ज़ोन, ट्रॉमा कैजुअल्टी वार्ड और मल्टी-लेवल आईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने टेलीमेडिसिन सेवाओं की जानकारी ली और अस्पताल में वायु परिसंचरण को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साफ-सफाई की सराहना करते हुए इसे समग्र रूप से संतोषजनक बताया और आगे भी बनाए रखने पर जोर दिया।

मंत्री खींवसर ने निरीक्षण के दौरान बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं से व्यक्तिगत रूप से बात की और अस्पताल में उन्हें हो रही किसी भी प्रकार की परेशानी के बारे में जानकारी ली। आईसीयू रेड ज़ोन वार्ड में एक दुर्घटनाग्रस्त बच्चे के उपचार की जानकारी लेते हुए उन्होंने दुर्घटना करने वाले के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर बीएस जोधा के कक्ष में आयोजित बैठक में मंत्री ने वरिष्ठ चिकित्सकों से अस्पताल से जुड़े प्रमुख मुद्दों, बजट संबंधित समस्याओं, दवाइयों की उपलब्धता और राजस्व सृजन के उपायों पर चर्चा की।

उन्होंने सुझाव दिया कि अस्पताल में फूड कोर्ट शुरू किए जाएं, जहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि अस्पताल के राजस्व में वृद्धि की जा सके। साथ ही मेडिकल छात्रों के लिए भोजन की स्वच्छता व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा की गई।

मंत्री खींवसर ने महात्मा गांधी अस्पताल के एमआरआई सेक्शन, इंटेंसिव केयर यूनिट और क्रिटिकल केयर यूनिट का गहन निरीक्षण किया। डॉग बाइटिंग वार्ड में जाकर उन्होंने श्वानों के काटने के बढ़ते मामलों की गंभीरता के बारे में जानकारी ली और सड़क दुर्घटनाओं के वार्ड का भी निरीक्षण किया।

एमडीएम एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल के निरीक्षण के बाद मंत्री खींवसर ने व्यवस्थाओं की सराहना की और आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित वरिष्ठ डॉक्टर्स को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी।

निरीक्षण के दौरान प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, निदेशक (जन स्वास्थ्य) डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक (अराजपत्रित) राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पटाखा गोदाम में लगी आग, 14 लोग बुरी तरह झुलसे

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा के इंडस्ट्रियल एरिया पीपलवा में एक पटाखा गोदाम में गुरुवार दोपहर करीब 2.15 बजे आग लग गई। आग लगने के बाद 2 बडे़ धमाके हुए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास से बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, वहीं सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।

कोतवाली थाना प्रभारी देवीलाल मीणा के निर्देश पर जेसीबी की मदद से गोदाम की दीवार तोड़ी गई। उसके बाद सीआई देवीलाल स्वयं अंदर पहुंचे और फायर ब्रिगेड के पाइप से आग बुझाने में जुट गई। आग पर काबू पाया ही जाने वाला था कि अचानक फिर धमाका हुआ, जिससे सीआई, पुलिस के जवानों और फायर ब्रिगेड के कार्मिकों को बाहर दौड़कर भागना पड़ा। हादसे के समय गोदाम में श्रमिक दंपती और 4 बच्चे थे, जिन्हें बिना किसी नुकसान के बचा लिया गया। हालांकि गोदाम के आसपास के लोग धमाकों की आवाज सुन आसपास इकट्ठा हो गए थे। ऐसे में धमाकों के बाद उठी चिंगारियों की चपेट में आने से 12 जने झुलस गए। सभी को तत्काल महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। झुलसे 14 जनों में से 2 के हाथ-पैर झुलस गए हैं। शेष मामूली झुलसने से खतरे से बाहर हैं। घटना की जानकारी मिलने पर एडीएम अभिषेक गोयल अस्पताल पहुंचे और घायलों के बारे में जानकारी ली। बाद में कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव और पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोई भी गंभीर जख्मी नहीं है। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद है। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद है। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी कई फेरे लगा चुकी है।

जानकारी के अनुसार गोदाम जिस भूखंड पर बना हुआ है, वह अशोक अग्रवाल नाम के व्यापारी को आवंटित है। भूखंड स्वामी ने इसे पटाखा व्यापारी सोनू सिंधी को किराए पर दे दिया है। रीको को इसकी जानकारी नहीं है। इधर, घटना के बाद पुलिस की ओर से जानकारी देने के बावजूद भूखंड मालिक व पटाखा मालिक मौके पर नहीं पहुंचे।



## पचपदरा के ग्रामीणों ने देखी विधान सभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पचपदरा विधान सभा क्षेत्र के सात गांवों के महिलाओं और पुरूषों ने विधान सभा भवन और संग्रहालय को देखा। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का ग्रामीण महिलाओं ने आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार राजस्थान विधान सभा के ऐतिहासिक भवन को देखा है। ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। देवनानी ने ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों के साथ छायाचित्र भी कराएं।

पूर्व विधायक अमराराम के साथ महाकुंभ में स्नान करने के बाद अपने गांव लौट रहे इस दल ने राजस्थान विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को भी देखा। दल में शामिल सभी 45 पुरूष और महिलाएं मूल रूप से कृषि और पशुपालन कार्य से जुडे हुए है। देवनानी ने दल के सभी सदस्यों को कुम्भ यात्रा की बधाई भी दी। पचपदरा के विधायक अरूण चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र के पुरूषों और महिलाओं को विधान सभा दिखाने और उनसे मुलाकात का अवसर प्रदान करने के लिए विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का आभार व्यक्त किया।

# वक्फ विधेयक स्वीकार नहीं : मदनी

## पारित हुआ तो उच्चतम न्यायालय में देंगे चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मुस्लिम समुदाय इसे स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि संसद से इस विधेयक के पारित होने पर इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

मदनी ने यह बयान उस वक्त दिया जब बृहस्पतिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर रखा गया।

मुस्लिम संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मदनी ने कहा, जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे सही साबित हुईं। इन संशोधनों के जरिए केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों की स्थिति और प्रकृति को बदलना चाहती है, ताकि उन पर कब्जा करना आसान हो जाए और उनका मुस्लिम वक्फ का दर्जा खत्म हो जाए। उनका कहना था, पहले के कानून की धारा 3 में वक्फ बोर्ड यह तय करता था कि कोई वक्फ वैध है या नहीं, अब मौजूदा संशोधन में यह अधिकार कलेक्टर को दे दिया गया है, लेकिन अब मौजूदा 14 संशोधनों में जो आज संसद में पेश किए गए हैं, एक नए संशोधन ने कलेक्टर से लेकर उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी को जांच का अधिकार दिया है जो यह तय करेगा कि यह संपत्ति सरकारी है या वक्फ की जमीन है।

मौलाना मदनी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के विरोध के बाद वक्फ नियम में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा, हम इस तानाशाही कानून को स्वीकार नहीं कर सकते।

मदनी ने कहा कि ''धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों'' के पास अभी भी मौका है कि वे इस कानून को संसद में पारित होने से रोकें और इसका खुलकर विरोध करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, यदि यह कानून पारित हो जाता है तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी और साथ ही जमीयत उलेमा-ए-हिंद वक्फ संपत्तियों को बचाने के लिए मुसलमान और अन्य अल्पसंख्यकों और न्यायप्रिय लोगों के साथ मिलकर सभी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का भी उपयोग करेगी।

# मुझे लगता है कि अब समय आ गया है: राज्य का दर्जा बहाल करने पर बोले उमर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य का दर्जा बहाल होने को लेकर आशा व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में इस मसले को उठाया था, उमर ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया चल रही है और इसे तत्काल तार्किक निष्कर्ष पर ले जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा, तो उसने ''जितनी जल्दी हो सके'' राज्य का दर्जा बहाल करने का सामान्य उल्लेख किया था।

केंद्र ने संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर दिया था जिसने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। इसके साथ प्रदेश को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख - में विभाजित कर दिया था। अब्दुल्ला ने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, इस पर जल्द से जल्द चर्चा की गई थी और यह एक साल से भी अधिक समय पहले की बात है। हमें लगता है कि अब समय आ गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गृह मंत्री के साथ उनकी ''बहुत अच्छी बातचीत'' हुई। उन्होंने कहा, यह जारी बातचीत का हिस्सा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल हो जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले साल उनके पदभार संभालने के बाद से दिल्ली तथा जम्मू कश्मीर के बीच की दूरी कम हुई है, मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जो दूरी को बढ़ाती हैं। उन्होंने हाल ही में उत्तरी कश्मीर के सोपोर एवं जम्मू के कठुआ जिले के बिलावर में दो लोगों की हत्या का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि सुरक्षा और पुलिस केंद्र शासित निर्वाचित सरकार की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी नहीं है, फिर भी यह सुनिश्चित करना संयुक्त जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने कहा, जहां तक लोगों का सवाल है, सरकार है।

## संगम में स्नान



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डाक्टर माणिक साहा ने बृहस्पतिवार को यहां सपरिवार संगम में स्नान किया। संगम स्नान के बाद मुख्यमंत्री साहा ने 'एक्स' पर लिखा,''आज महाकुंभ, प्रयागराज में स्नान करने का सौभाग्य मिला। पवित्र जल, दिव्य ऊर्जा और आध्यात्मिक माहौल ने इसे अविस्मरणीय अनुभव बना दिया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि उन्होंने मां गंगा से त्रिपुरा की सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि संगम का पवित्र स्नान जीवन को शुद्ध करता है और आत्मिक शांति प्रदान करता है।

# भारत में खेल संस्कृति बनाने को प्रतिबद्ध है सरकार : खडसे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार देश में खेल संस्कृति बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन लगातार अच्छा रहे।



खडसे ने भारतीय फैंटेसी खेल महासंघ और डेलोइट के संयुक्त प्रयासों से तैयार की गई रिपोर्ट 'बियोंड द फील्ड : इंडियास स्पोर्टेक इवोल्यूशन' जारी करने के मौके पर कहा कि सरकार खेल संस्कृति बनाने को लेकर प्रतिबंध है जो जमीनी स्तर तक पहुंचे। उन्होंने कहा, हम खेलों में भारत के भविष्य को लेकर आशान्वित है और लगातार सहयोग से हम वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करेंगे।

इस मौके पर खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, उद्योग जगत की जानी मानी हस्तियां और खेल पेशेवर मौजूद थे।

खडसे ने खिलाड़ियों के बेहतर होते प्रदर्शन, प्रशंसकों से जुड़ी गतिविधियों और खेल सेक्टर के समग्र विकास में तकनीक के महत्व को भी रेखांकित किया।

## लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से कहा

# आप प्रश्नकाल चलने देते तो मैं शून्यकाल चलाता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही बाधित होने पर विपक्षी सदस्यों से नाखुशी जताते हुए कहा कि जब प्रश्नकाल नहीं चलने दिया गया तो उन्होंने तय किया कि आज शून्यकाल भी नहीं चलेगा।

अदाणी समूह से संबंधित एक खबर को लेकर कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को सदन की कार्यवाही आरंभ होने के लगभग पांच मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन में 11 बजे से 12 बजे तक प्रश्नकाल की कार्यवाही संचालित होती है और सदस्य विभिन्न मंत्रियों से उनके मंत्रालयों से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हैं।

सदन की कार्यवाही दो बजे पुन: शुरू हुई तो विपक्ष के कुछ सदस्यों ने शून्यकाल चलाने की मांग की, जिस पर अध्यक्ष बिरला ने कहा, अगर आप (विपक्ष) प्रश्नकाल चलने देते तो मैं शून्यकाल चलाता। जब आपने प्रश्नकाल नहीं चलने दिया तो मैंने कहा कि शून्यकाल भी नहीं चलेगा।

शून्यकाल में सदस्य विभिन्न लोक महत्व के मुद्दे उठाते हैं और अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाकर सरकार से उचित कार्रवाई का अनुरोध करते हैं।

इससे पहले बिरला ने प्रश्नकाल में विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, आप प्रश्नकाल के दौरान नियोजित तरीके से गतिरोध करते हैं, यह अच्छी परंपरा नहीं है। आप (कांग्रेस) ने इतने साल शासन किया है....आप सदन में व्यवधान पैदा करना करते हैं।

बिरला का कहना था, मैंने कहा है कि दोपहर 12 बजे विषय को रखने देंगे, लेकिन आप चर्चा नहीं चाहते। आप महत्वपूर्ण विषयों को सदन में नहीं लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, प्रश्नकाल में सरकार की जवाबदेही तय होती है। यह सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आप सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं।

हंगामा नहीं थमने पर बिरला ने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर पांच मिनट पर अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

विपक्षी सदस्यों ने जिस खबर को लेकर हंगामा किया, उसमें दावा किया गया है कि सरकार ने गुजरात में अदाणी समूह के नवीकरणीय ऊर्जा पार्क के लिए मार्ग प्रशस्त करने के मकसद से पाकिस्तान सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा प्रोटोकॉल में ढील दी है।

कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने इस कारोबारी समूह को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है।

अदाणी समूह की ओर से इस आरोप पर फिलहाल प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## आग



महाकुंभ के सेक्टर छह में नागवासुकी के पास बिंदु माधव मार्ग पर पुलिस लाइन के शिविर में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गई जिससे दो टेंट जलकर खाक हो गए। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर में सेक्टर छह के नागवासुकी थानाक्षेत्र में बिंदु माधव मार्ग पर स्थित पुलिस लाइन कैंप में धुंआ उठता दिखा। उन्होंने बताया कि अग्निशमन की चार गाड़ियां तत्काल मौके के लिए रवाना की गईं जिन्होंने कुछ ही मिनटों में वहां पहुंचकर आग बुझाई। उन्होंने कहा कि हालांकि दो टेंट इस आग में पूरी तरह से जल गए परंतु कोई जनहानि नहीं हुई।

# कल्याण मंडपम में सभी सुविधाओं से लैस होंगे गरीबों के मांगलिक कार्यक्रम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोरखपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अब गरीबों और निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांगलिक कार्यक्रम भी सभी सुविधाओं से लैस होंगे तथा कल्याण मंडपम इसका माध्यम बनेगा। योगी बृहस्पतिवार को 'खोराबार टाउनशिप' में नगर निगम द्वारा आयोजित करीब 103 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा, गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम का आज (बृहस्पतिवार को) उद्घाटन हो रहा है और अगले कुछ महीने में सात नए कल्याण मंडपम भी बनकर तैयार हो जाएंगे।

योगी ने कहा इनमें से पांच कल्याण मंडपम के लिए धनराशि उन्होंने अपनी विधायक निधि से दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए कल्याण मंडपम की बुकिंग मात्र 11 हजार रुपए में करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं। उन्होंने नगर के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपए की लागत से बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के साथ ही 4.55 करोड़ रुपए की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 97 लाख रुपए से शेड निर्माण आदि परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

योगी ने कुल 26.31 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा 76.40 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि कल्याण मंडपम का उद्घाटन नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है और किसी भी मांगलिक या सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए यह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि जिनके पास साधन हैं वे होटलों या बड़े लॉन में कार्यक्रम कर सकते हैं लेकिन जिनके पास पैसा नहीं है, जो गरीब हैं वे कहां जाएंगे।

योगी ने नगर निगम और विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों से कहा कि कल्याण मंडपम एक ऐसा स्थान है, जहां गरीब और निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों के वैवाहिक आयोजन, मांगलिक कार्यक्रम सुविधापूर्ण तरीके से हो सकेंगे।

योगी ने कार्यक्रम के दौरान मंच से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने एक दिवंगत सफाईकर्मी के पिता को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक भी सौंपा।

# भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव नहीं जीत सकती : लालू का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बावजूद, इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की हार होगी।

पत्रकारों द्वारा 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली में सत्ता से बाहर होने के असर के बारे में सवाल किए जाने पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू ने कहा, यहां कोई असर नहीं होगा। भाजपा (सत्ता से) बाहर हो जाएगी।

लालू की पार्टी के पास 243 सदस्यीय विधानसभा में सबसे अधिक सीट हैं।

जब राजद सुप्रीमो से कहा गया कि बिहार में राजग के नेता सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं, तो प्रसाद ने उनकी जीत की संभावना को खारिज कर दिया। प्रसाद ने कहा, जब तक हम बिहार में हैं, वे यहां सरकार नहीं बना सकते। लोग भाजपा को जान गए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, लालू जी हों या नहीं हों, राजग की सत्ता में वापसी तय है। उन्होंने कहा, लोगों को लालू जी की जरूरत नहीं है। उनके शासनकाल में बड़े पैमाने पर जातिवाद और कुशासन था, जिससे राज्य का नाम खराब हुआ और बिहारी शब्द एक तरह का कलंक बन गया।

## कोहली ने आरसीबी के नए कप्तान पाटीदार से कहा,

# आपने इस पद पर रहने का अधिकार हासिल किया है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बृहस्पतिवार को रजत पाटीदार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) का नया कप्तान नियुक्त किए जाने का समर्थन करते हुए कहा कि इस बल्लेबाज ने अपनी निरंतरता और अनुशासन से इस पद पर रहने का अधिकार हासिल किया है।

पाटीदार ने फाफ डु प्लेसी की जगह आरसीबी के कप्तान का पद संभाला है जिन्हें पिछले साल की बड़ी नीलामी से पहले रिलीज (अपने साथ बरकरार नहीं रखना) कर दिया गया था।

आरसीबी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कोहली ने कहा, मैं यहां सभी को सूचित करने आया हूं कि रजत पाटीदार आरसीबी के नए कप्तान बनने जा रहे हैं। रजत, सबसे पहले मैं आपको बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

आरसीबी की 2013 से 2021 तक कप्तानी करने वाले कोहली ने कहा, जिस तरह से आपने फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने पूरे भारत में आरसीबी के सभी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। वे आपको खेलते हुए देखने को लेकर उत्साहित होते हैं। इसलिए आप इसके हकदार हैं। उन्होंने कहा, मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके पीछे खड़े होंगे और इस भूमिका में आगे बढ़ने के लिए आपको हमारा पूरा समर्थन मिलेगा।

पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (टी20) तथा विजय हजारे ट्रॉफी (एकदिवसीय) में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था।

# एआई का बुद्धिमानी से उपयोग करें, स्वयं निर्णय लें

## 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान छात्रों को दिए मंत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रौद्योगिकी का गुलाम नहीं बल्कि मालिक बनना सीखना, कृत्रिम मेधा (एआई) का बुद्धिमानी से उपयोग करना और स्वयं निर्णय लेना समेत कई मंत्र प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को प्रसारित प्रौद्योगिकी की 'मास्टरक्लास' के दौरान छात्रों को दिए गए।

'परीक्षा पे चर्चा' के विशेष सत्र में 'टेक्निकल गुरुजी' के नाम से लोकप्रिय यूट्यूबर गौरव चौधरी और 'एडलवाइस म्यूचुअल फंड' की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राधिका गुप्ता ने छात्रों के साथ ये मंत्र साझा किए। 'परीक्षा पे चर्चा' एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोर्ड परीक्षाएं देने वाले छात्रों के साथ बातचीत करते हैं।




इस बार पारंपरिक 'टाउन हॉल' प्रारूप से हटकर प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिल्ली के प्रसिद्ध सुंदर नर्सरी में आमंत्रित किया और बोर्ड परीक्षा से पहले उनसे अनौपचारिक माहौल में बातचीत की।

चौधरी ने छात्रों से कहा, प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं, बल्कि मालिक बनना सीखें। प्रौद्योगिकी को आपको संबल बनाने की भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन प्राथमिकता आपकी अपनी बुद्धिमत्ता, कुशाग्रता और रचनात्मकता को मिलनी चाहिए।

गुप्ता ने 'फ्लॉपी डिस्क' के युग से लेकर अब तक हुए प्रौद्योगिकी के विकास के बारे में किस्से साझा करते हुए कहा कि आज एआई एक अच्छे अध्ययन सहयोगी की भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन इसका उपयोग बुद्धिमानी से किया जाना चाहिए। एआई आपको ज्ञान, बुद्धिमत्ता एवं विस्तृत विश्लेषण मुहैया करा सकती है लेकिन बुनियादी अवधारणाएं आपकी होनी चाहिए। यदि आप इनके बारे में पूरी तरह से जानते हैं तो आप एआई का बुद्धिमानी से उपयोग कर पाएंगे।

दोनों अतिथियों ने छात्रों के साथ लोकप्रिय खेल 'डंब शराड' (मौन रहकर अभिनय करते हुए अपनी बात समझाने वाला खेल) पर आधारित खेल 'एआई शराड' भी खेला और छात्रों को एआई का उपयोग करके कुछ प्रसिद्ध हस्तियों के नाम लिए बिना उनके चित्र बनाने के लिए कहा गया।

गुप्ता ने छात्रों को निर्देश दिया कि वे एआई की मदद भले ही लें लेकिन अपने निर्णय स्वयं लें। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, यदि आप यह तय करना चाहते हैं कि आपको उच्च शिक्षा के दौरान पढ़ाई के लिए कौन से विषय चुनने हैं- मानविकी एवं विज्ञान, तो एआई आपको विस्तृत विश्लेषण मुहैया करा सकता है जिससे आपको निर्णय लेने में मदद मिल सकती है लेकिन निर्णय आपका होना चाहिए।

इस वर्ष 'परीक्षा पे चर्चा' के विभिन्न 'एपिसोड' में मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम और आध्यात्मिक नेता सद्गुरु समेत कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने जीवन और शिक्षा से जुड़े प्रमुख पहलुओं पर अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए।

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बुधवार को प्रसारित कार्यक्रम में स्कूली छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि अपने तनाव के कारणों की पहचान करें और उसे किसी ऐसे व्यक्ति के साथ साझा करें जिस पर वह भरोसा कर सकें।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

कुछ अलग करना हो तो भीड़ से हट के चलिए, भीड़ साहस तो देती है, मगर पहचान छीन लेती है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बांग्लादेश में बलिदान भुलाने की साजिश!

बांग्लादेश के एक महत्त्वपूर्ण संगठन की छात्र शाखा के मुखपत्र में वर्ष 1971 के मुक्ति संग्राम के बारे में की गई टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कहना कि 'उस युद्ध में कुछ ... बिना सोचे-समझे कूद गए थे और यह नहीं सोचा कि इसके क्या नतीजे होंगे ... उनकी दूरदर्शिता की कमी की वजह से युद्ध हुआ', बांग्लादेश में तेजी से जड़ें जमा रहे उस कट्टरपंथ को दर्शाता है, जो इसके शहीदों के लहू का अपमान कर रहा है। याद रखें, बांग्लादेश के निर्माण के लिए सिर्फ बांग्लादेशियों ने बलिदान नहीं दिए थे। अगर मुक्ति संग्राम के साथ भारतीय सैनिकों के संघर्ष, त्याग और बलिदान नहीं जुड़े होते तो बांग्लादेश किसी सूरत में नहीं बनता। अपने राष्ट्र के निर्माताओं, वीरों और बलिदानियों के बारे में ऐसी टिप्पणी करना कृतघ्नता की घोर पराकाष्ठा है। जिन्होंने वह मुक्ति संग्राम नहीं लड़ा और उसके बारे में सही स्रोतों से जानकारी हासिल नहीं की, वे इसी तरह गुमराह होकर योद्धाओं के बलिदान पर सवाल उठाते रहेंगे। अगर भारतीय सेना ने उस दौरान हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज रावलपिंडी के जनरल ढाका की छाती पर मूंग दल रहे होते। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना को जिस तरह बांग्लादेश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी, उससे वहां कई कट्टरपंथी संगठनों की पौ-बारह हो गई है। मुखिया के तौर पर मोहम्मद यूनुस नकली उदारवादी छवि पेश कर रहे हैं, जबकि उन्होंने कट्टरपंथी संगठनों को खुली छूट दे रखी है। अब इतिहास के साथ छेड़छाड़ कर बांग्लादेश में ऐसी पीढ़ी तैयार करने की कोशिश की जा रही है, जिसके मन में अपने राष्ट्रपिता और मुक्ति संग्राम के शहीदों के लिए कोई सम्मान नहीं होगा।

भविष्य में इसका असर भारत-बांग्लादेश के संबंधों पर भी हो सकता है। वहां हर साल 16 दिसंबर को प्रकाशित होने वाले अखबारों में भारतीय सैनिकों की वीरगाथाओं को प्रमुख स्थान मिलता था। जिन भारतीय नेताओं और अधिकारियों ने बांग्लादेश के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं, उनका जिक्र किया जाता था। बांग्लादेश के झंडे के साथ भारतीय ध्वज के चित्र भी प्रकाशित किए जाते थे। पिछले साल इसमें भारी कटौती कर दी गई। अब मोहम्मद यूनुस पाकिस्तानी फौज के साथ नजदीकियां बढ़ा रहे हैं। ये 'अर्थशास्त्री' भूल रहे हैं कि मुक्ति संग्राम से पहले बांग्लादेश (तब पूर्वी पाकिस्तान) का एक निवासी जब (पश्चिमी) पाकिस्तान गया और वहां फौजी अधिकारियों के ठाठ देखे तो उसने राजधानी इस्लामाबाद की सड़क के लिए कहा, 'इससे मुझे पटसन की गंध आती है!' पूर्वी पाकिस्तान के संसाधनों की लूट-खसोट से ही (पश्चिमी) पाकिस्तान के अधिकारी ऐश कर रहे थे। अगर बांग्लादेश को आज़ादी नहीं मिली होती तो आज इस्लामाबाद की सड़कों से उस खून की गंध आती, जो इतने वर्षों में रावलपिंडी के जनरल ढाका से निचोड़ लेते। आज बांग्लादेश में ऐसी 'भ्रमित' पीढ़ी आगे आ रही है, जिसके मन में भारत के प्रति नफरत का जहर भरा जा रहा है। इसकी एक झलक बांग्लादेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देखी जा सकती है। जब किशोरों और युवाओं को लगातार ऐसी पट्टी पढ़ाई जाएगी तो वे भविष्य में भारतविरोधी रुख अपनाएंगे। हाल में हैम रेडियो संचालकों को दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्ला, उर्दू और अरबी में संदिग्ध सिग्नल का पता चला था। ऐसे सिग्नल का इस्तेमाल जासूसी और चरमपंथी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। बांग्लादेश की पाकिस्तानी फौज के साथ गहरी होती 'दोस्ती' इस पूर्वी पड़ोसी को आईएसआई का अड्डा बना सकती है। यह एजेंसी भारतविरोधी गतिविधियों (आतंकवाद, नकली नोटों की छपाई, दुष्प्रचार, घुसपैठ, अल्पसंख्यकों पर हमले, तस्करी आदि) में लिप्त रहती है। इसलिए बांग्लादेश से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ खूब सख्ती बरतनी चाहिए। भारत में रहने वाले अवैध बांग्लादेशियों की पकड़-धकड़ और स्वदेश रवानगी की योजना पर दृढ़ता से काम होना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सरदार हरलाल जी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनकी पुत्रवधु श्रीमती लक्ष्मी देवी जी, पौत्र श्री संजीव सिंह एवं प्रपोत्र श्री अजय सिंह से भी मुलाकात की।

**-अशोक गहलोत**



भरतपुर के संस्थापक, मानवता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महाराजा सूरजमल जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! महाराजा सूरजमल जी के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और बलिदान की गौरव गाथा सदैव इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा।

**-वसुंधरा राजे**



कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में हुई जनहानि अत्यंत पीड़ादायक है। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।

**-दीया कुमारी**

## प्रेरक प्रसंग

### संकल्प से शक्ति

महान वैज्ञानिक आईजैक न्यूटन का बचपन बेहद साधारण था। वे एक शांत और एकांतप्रिय छात्र माने जाते थे। उन्हें प्रारंभ में पढ़ाई में कोई विशेष रुचि नहीं थी। लेकिन एक घटना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। एक दिन स्कूल में उनका टकराव एक दबंग और पढ़ाई में अव्वल रहने वाले एक छात्र से हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि उस छात्र ने क्रोध में आकर न्यूटन को घूंसा मार दिया।

न्यूटन ने इसका प्रतिकार किया और आत्मरक्षा में उसे हरा दिया। लेकिन इस घटना से उनके मन में एक गहरी प्रेरणा जगी। उन्होंने निश्चय किया कि वे न केवल शारीरिक रूप से बल्कि बौद्धिक रूप से भी उस छात्र से आगे बढ़कर दिखाएंगे। इस दृढ़ संकल्प के साथ न्यूटन ने पढ़ाई को गंभीरता से लिया और कठोर परिश्रम कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगे चलकर यही जिज्ञासा और प्रतिबद्धता उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले गई। उन्होंने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत और गति के नियमों की खोज कर विज्ञान की दिशा ही बदल दी।

## सामयिक

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी। हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था।

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है।



**दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें से महज नौ नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में छह भाजपा के निशान पर व तीन आप पार्टी के निशान पर जीते हैं।**

उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया। हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है। हालांकि वर्ष 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट भी प्राप्त किये है। जो भाजपा का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई है। वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं।

इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है। उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें से महज नौ नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में छह भाजपा के निशान पर व तीन आप पार्टी के निशान पर जीते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

किरोड़ीलाल मीणा, अनिल विज को नोटिस भी दिल्ली जीत के बाद ही दिया गया है। यदि दिल्ली में भाजपा चुनाव हार जाती तो शायद ही इतना बड़ा कदम उठा पाती। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वही इंडिया गठबंधन में आपसी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।

## नजरिया

# मणिपुर के नए मुख्यमंत्री के सामने होंगी कठिन चुनौतियाँ



**प्रदेश सरकार के नियंत्रण में हालत न देख मणिपुर कांग्रेस ने घोषणा की कि वह 10 फरवरी को बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी. 9 फरवरी 2025 को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नौ फरवरी 2025 को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के करीब दो साल बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।नवंबर 2024 तक मणिपुर की जातीय हिंसा में 258 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य को 60 हजार से ज्यादा लोगों को विस्थापित करना पड़ा।**

अशोक मधुप
मोबाइल : 99675899803

मणिपुर में भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को त्यागपत्र देकर पार्टी की टूटन तो बचाली, किंतु भाजपा के लिए नए मुख्यमंत्री का चयन बड़ा कठिन होगा, उससे ज्यादा कठिन होगा वहां बने नए मुख्य मंत्री को सत्ता संभालकर वहां के हालात को सही करना। राज्य की बिगडी कानून व्यवस्था को सुधारना उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। लगभग दो साल से राज्य में फैली हिंसा पर नियंत्रण पाना उसके सामने दातों चने चबाने जैसा होगा। मणिपुर की जनता का विश्वास जीतने के लिए उन्हें कठिन परिश्रम करना होगा।

मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगी है। आरोप लगते रहे हैं कि चीन यहां के आतंकवादी संगठन , यहां के आदिवासी को पहले से ही भड़काता रहा है।मणिपुर में विवाद और जातिय संघर्ष की शुरूआत का कारण मणिपुर उच्च न्यायालय का 19 अप्रैल 2023 का आदेश रहा। इस आदेश में राज्य के बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया गया था। हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि वह 10 साल पुरानी सिफारिश को लागू करे जिसमें गैर-जनजाति मैतेई समुदाय को जनजाति में शामिल करने की बात कही गई थी। इस आदेश के बाद राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे यह हिंसक रूप लेने लगा।

मणिपुर में 16 जिले हैं, लेकिन, पूरा राज्य दो हिस्सों में बंटा हुआ है। पहला इंफाल घाटी, दूसरा पहाड़ी जिले। इंफाल घाटी मैतेई बहुल इलाका है. वहीं, पहाड़ी जिलों में नागा और कुकी जनजातियों का वर्चस्व है। विशेष तौर पर चार पहाड़ी जिलों में कुकी समुदाय के लोगों का राज है। मणिपुर की आबादी लगभग 28 लाख है. इसमें मैतेई समुदाय के लोग लगभग 53 फीसद हैं। मणिपुर के भूमि क्षेत्र का लगभग 107 हिस्सा इन्हीं लोगों के कब्जे में हैं।वहीं, कुकी समुदाय की राज्य में कुल आबादी 30 फीसदी हैं. इसी समुदाय के द्वारा मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का विरोध करते रहा गया है। इसके पीछे इनकी दलील यह है कि अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण मिलता है तो वे सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले से वंचित हो जाएंगे। मैतेई लोग अधिकांश आरक्षण हथिया लेंगे। ज्ञातव्य है कि मैतेई समुदाय के द्वारा करीब 10 साल से राज्य सरकार से आरक्षण की मांग की जा रही है। मांग के पक्ष में फैसला नहीं आने के बाद मैतेई जनजाति कमेटी ने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने इस मांग को लेकर राज्य सरकार से केंद्र से सिफारिश करने की बात कही है। इस सिफारिश के बाद ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने विरोध जताना शुरू कर दिया।इस आदेश के बाद राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे यह हिंसक रूप लेने लगा।

मैतेई को एसटी का दर्जा दिए जाने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्र संघ के तीन और चार मई 2023 'एकजुटता मार्च' के दौरान इंफाल और कुकी बहुल जिलों में हिंसा भड़क उठी। मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया और आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया। इंफाल में 4 मई 2023 को भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे पर भीड़ ने हमला किया। इस दौरान करीब नौ हजार लोगों को हिंसा वाले क्षेत्र से निकाला गया। मणिपुर में जातीय हिंसा बढ़ने के वहां सेना को तैनात किया गया। राज्यपाल ने बढ़ती हिंसा के बीच देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किए।हालत इतने खराब हुए कि आठ मई 2023 को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि कि, राज्य में जातीय संघर्षों में 60 निर्दोष लोगों की जान चली गई । 200 से अधिक घायल हो गए। इस जातीय हिंसा के कारण 35 हजार लोग बेघर हो गए। हिंसा में लगभग 1700 घर जला दिए गए, और पुलिस शस्त्रागार से 1041 हथियार और 7460 राउंड गोला-बारूद लूट लिया गया।केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा की जांच के लिए गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजय लांबा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। दस जून 2023 को केंद्र ने विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति स्थापित करने के लिए मणिपुर के राज्यपाल और एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में 51 सदस्यीय शांति समिति का गठन किया।14 जून 2023 और 15 जून 2023 को मणिपुर की एकमात्र महिला मंत्री नेम्फा किपगेन के इंफाल स्थित सरकारी आवास में आग लगा दी गई। 15 जून 2023 मणिपुर में फैली जातीय हिंसा की आग के कारण राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। हिंसा की आग में विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन का आवास भी जलकर खाक हो गया।हालत इतने खराब हुए कि मणिपुर में हथियारबंद भीड़ ने भाजपा नेताओं, घरों और कार्यालयों को निशाना बनाया। इंफाल में भाजपा मंडल कार्यालय को जला दिया गया. हालांकि, समय रहते सेना और रैपिड एक्शन फोर्स ने भाजपा कार्यालयों और पार्टी के मणिपुर प्रमुख और एक राज्य मंत्री के घरों में आग लगाने के कई प्रयासों को विफल कर दिया. वहीं, 24 जून 2023 को भीड़ ने इंफाल पूर्वी जिले के कांगला सांगोमसांग में मणिपुर के कैबिनेट मंत्री एल सुसिंद्रो के गोदाम और फार्महाउस को जला दिया। चार अगस्त 2023 को मणिपुर की भीड़ ने आईआरबी (मणिपुर के बिष्णुपुर में द्वितीय भारत रिजर्व बटालियन (आईआरबी) मुख्यालय) से एलएमजी, मोर्टार, ग्रेनेड लूटे. 500 की भीड़ ने शस्त्रागार को निशाना बनाया और 298 राइफलें, एसएलआर और एलएमजी के साथ मोर्टार, ग्रेनेड और 16 हजार से अधिक राउंड मिक्सड गोला-बारूद लूट कर फरार हो गए।हालाकि न्यायालय ने अपने आदेश पर रोक लगा दी ,किंतु हालात उसके बाद भी सामान्य नही हुए।

प्रदेश सरकार के नियत्रंण में हालत न देख मणिपुर कांग्रेस ने घोषणा की कि वह 10 फरवरी को बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी. 9 फरवरी 2025 को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नौ फरवरी 2025 को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के करीब दो साल बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।नवंबर 2024 तक मणिपुर की जातीय हिंसा में 258 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य को 60 हजार से ज्यादा लोगों को विस्थापित करना पड़ा। खास बात यह रही कि 60 सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में कई भाजपा विधायक अब सीएम बीरेन सिंह के कामकाज का खुलकर विरोध कर रहे हैं।वर्तमान में 60 सदस्यीय सदन में सत्तारूढ़ भाजपा के 37 विधायक हैं।

हालांकि, उनकी चिंता तब शुरू हुई जब पिछले साल 19 नवंबर को मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक में कई विधायक शामिल नहीं हुए। छह विधायकों वाली एनपीपी जो भाजपा की सहयोगी थी, उसने पहले ही बीरेन सिंह से नाराजगी जताते हुए समर्थन वापस ले लिया है। दिलचस्प बात यह है कि एनपीपी प्रमुख और मेघालय के सीएम कोनराड के संगमा ने भी अपनी पार्टी के समर्थन के लिए पूर्व शर्त के रूप में बीरेन के प्रतिस्थापन की मांग की है। राज्य में शांति स्थापित करने में बीरेन सिंह सरकार की विफलता पर 10 कुकी विधायकों ने अपनी नाराजगी जाहिर की है, जिनमें से सात भाजपा के हैं। अब बीरेन सिंह के त्यागपत्र के बाद राज्य के खराब हालात में भाजपा के लिए सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री का नाम तय करना बड़ा चुनौती पूर्ण होगा। क्योंकि उसे ऐसा आदमी खोजना होगा कि वह आंदोलनरत संगठनों का विश्वास जीत सके। वहां के हालात सुधारने में सक्षम हो। आने वाले मुख्यमंत्री के लिए भी हिंसा की आग में फैले राज्य में शांति स्थापना का कार्य बड़ा चुनौती पूर्ण होगा।।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# एर्दोआन ने भारत और पाकिस्तान से बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद/भाषा**

तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए जिसमें कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं पर उचित विचार किया जाना चाहिए। दो दिवसीय यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे राष्ट्रपति एर्दोआन ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ आमने-सामने की वार्ता और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद यह टिप्पणी की।

दोनों पक्षों के बीच 24 समझौतों समेत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इसके बाद एर्दोआन ने मीडिया को दिए बयान में कश्मीर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा, हमारा राज्य और हमारा राष्ट्र, अतीत की तरह आज भी हमारे कश्मीरी भाइयों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा है।

भारत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश का अभिन्न अंग थे, हैं और 'हमेशा रहेंगे'। भारत द्वारा 5 अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। अपने बयान में राष्ट्रपति एर्दोआन ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने कहा, हमारी परिषद के सातवें सत्र में, जिसे हमने अभी-अभी समाप्त किया है, हम अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। इस यात्रा के दौरान, हमने व्यापार, जल संसाधन, कृषि, ऊर्जा, संस्कृति, परिवार और सामाजिक सेवाओं के साथ-साथ विज्ञान, बैंकिंग, शिक्षा, रक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में कुल 24 समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान तुर्किये के नेता का दूसरा घर है और यहां पांच साल बाद उनका फिर से आना अद्भुत है।

उन्होंने भूकंप और बाढ़ के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़े रहने के लिए तुर्किये का आभार जताया। शहबाज ने कहा, आज आपकी पाकिस्तान यात्रा ने हमारे भाईचारे के संबंधों को एक नया ऊंचाई दी है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सुबह-सुबह नूर खान हवाई अड्डे पर एर्दोआन का स्वागत किया। तुर्किये के राष्ट्रपति के साथ प्रथम महिला एमीन एर्दोआन और निवेशकों और व्यापार जगत के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल भी था।

**कुंभ मेला**



02-अभिनेता विक्की कौशल उत्तर प्रदेश के निर्यात संवर्धन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के साथ गुरुवार को प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरे के दौरान।

# इलाहाबादिया विवाद पर रहमान की अप्रत्यक्ष प्रतिक्रिया, कहा-पिछले सप्ताह ज्यादा बोलने का नतीजा देखा

नई दिल्ली/भाषा। संगीतकार ए. आर. रहमान ने सोशल मीडिया 'इंफ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े विवाद पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले सप्ताह यह पता चला कि बिना सोचे समझे बोलने पर क्या होता है। रहमान ने विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा के ऑडियो रिलीज के मौके पर यह बात कही।

छावा के लिए संगीत तैयार करने वाले रहमान ने बुधवार रात मुंबई में कौशल के साथ मंच साझा किया।

इस दौरान कौशल ने संगीतकार से केवल तीन इमोजी में उनके संगीत को बयां करने के लिए कहा। कुछ देर सोचने के बाद रहमान ने चुप्पी वाली इमोजी का संदर्भ देते हुए कहा, आप चाहते हैं कि मैं अपना मुंह बंद रखूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पिछले सप्ताह हमने देखा कि मुंह खोलने पर क्या होता है।

इस पर कौशल और दर्शकों ने जोरदार ठहाके लगाए।

रहमान से पहले कई हस्तियां इलाहाबादिया की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर चुकी हैं।

'कॉमेडियन' समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट के दौरान की गईं इलाहाबादिया की टिप्पणियों को अनेक लोगों ने अश्लील व गैर-जिम्मेदाराना कहा है।रैना ने बुधवार रात कहा कि उन्होंने विवाद के मद्देनजर अपने यूट्यूब चैनल से इंडियाज गॉट लैटेंट के सभी 'एपिसोड' हटा दिए हैं।

रैना ने कहा कि वह सभी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे। आलोचनाओं के बीच, फैशन 'इन्फ्लुएंसर' उर्फी जावेद और अभिनेत्री राखी सावंत समेत कुछ लोगों ने रैना का समर्थन किया।

कई बार कानूनी पचड़ों का सामना कर चुके हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी ने खुलकर रैना का समर्थन किया। फारूकी ने 'इंस्टाग्राम' स्टोरी पर लिखा, समय (दिल वाला इमोजी)... आर्ट जो है वो स्प्रिंग है, जितना दबाओगे उतना ऊपर उठेगा... मेरा जी (रैना) इस सबका इतनी मजबूती से सामना करेगा कि आप देखते रह जाएंगे।

इंडियाज गॉट लैटेंट (आईजीएल) की विजेताओं में से एक कॉमेडियन शेरोन वर्मा ने रैना का बचाव किया।

वर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, आईजीएल ने मुझे बहुत कुछ दिया। इसकी वजह से मैं वास्तव में कॉमेडी करने के अपने सपने को पूरा कर सकी। यकीन नहीं होता कि यह कैसे हुआ। समय (रैना) वास्तव में हमारे लिए एक बड़ा भाई रहा है।

विवादों में घिरने के बाद इलाहाबादिया ने सोमवार को माफी मांगते हुए 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में स्वीकार किया कि उनकी टिप्पणियां अनुचित थीं।

माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणियों की बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है।

# महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे अभिनेता विक्की कौशल

नई दिल्ली/भाषा। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने कहा कि वह त्रिवेणी संगम में स्नान करने पर भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। विक्की कौशल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'छावा' के प्रचार में व्यस्त हैं। सिनेमाघरों में यह फिल्म शुक्रवार को रिलीज होने जा रही है। विक्की कौशल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं लंबे समय से इस अवसर का इंतजार कर रहा था कि महाकुंभ का हिस्सा बन सकूं। अब जब मैं यहां हूं, तो बहुत अच्छा और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। अभिनेता अपनी फिल्म 'छावा' की सह-कलाकार रश्मिका मंदाना के साथ धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। वे हाल ही में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, शिरडी साईं बाबा मंदिर और एलोरा गुफाओं के पास स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग (12वें ज्योतिर्लिंग) के दर्शन कर चुके हैं। फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं जबकि रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी महारानी यसुबाई के किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

**स्क्रीनिंग**



अभिनेत्री यामी गौतम और अभिनेता प्रतीक गांधी फ़िल्म 'धूम' की स्क्रीनिंग में शामिल हुए।

# फिल्म 'किंगडम' का टीज़र रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंगडम' का टीज़र रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किंगडम के टीज़र में विजय देवरकोंडा का नया अवतार दमदार है।'किंगडम' के टीज़र में विजय देवरकोंडा अपने नये अवतार में आग लगाते नजर आरहे हैं जिन्हें ना कोई रोक सकता है, ना कोई टक्कर दे सकता है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि वह सिर्फ़ एक सुपरस्टार नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं, जिसे नज़रअंदाज़ करना मुमकिन नहीं। गौतम टी, अनिरुद्ध और विजय देवरकोंडा ने टीज़र में शानदार झलक दी है। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर ने किंगडम के हिंदी टीज़र के लिए खास वॉयसओवर दिया है। फिल्म किंगडम को गौतम तिन्नानुरी ने लिखा और निर्देशित किया है तथा फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है और संपादन नवीन नूली ने किया है। इस फिल्म का निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून 4 सिनेमाज बैनर के तहत नागा वामसी एस और साई सौजन्या ने किया है। फिल्म किंगडम को श्रीकारा स्टूडियो ने प्रस्तुत किया है। फिल्म 'किंगडम' 30 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**लांच**




अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, अभिनेता विक्की कौशल और संगीतकार एआर रहमान गुरुवार को मुंबई में छावा के एल्बम लॉन्च की स्क्रीनिंग में शामिल हुए।



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया गुरुवार को मुंबई के हवाई अड्डे पर पहुँचते ही फ़ोटो खिंचवाती हुई।

# फिल्म केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ का टीजर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा अभिनीत फिल्म केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ का बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज हो गया है। पीरियड ड्रामा केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ में सूरज पंचोली को एक गुमनाम योद्धा, वीर हमीरजी गोहिल के रूप में दिखाया गया है, जिन्होंने 14वीं शताब्दी ईस्वी में गुजरात में सोमनाथ मंदिर को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ के साथ, सूरज पंचोली अपनी हीरो-नेक्स्ट-डोर छवि से अलग हटते हैं और एक ऐतिहासिक भूमिका निभाकर खुद को एक गतिशील अभिनेता के रूप में स्थापित करते हैं।सूरज पंचोली के अलावा, विवेक ओबेरॉय एक खलनायक की भूमिका में हैं, जबकि सुनील शेट्टी मंदिर को बचाने की सूरज की खोज में उनके किरदार का साथ देते हैं।



इस पीरियड ड्रामा में आकांक्षा शर्मा को पेश किया गया है, जो 'केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ' से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। यह फिल्म उन गुमनाम योद्धाओं की कहानी बताती है, जिन्होंने 14वीं शताब्दी ईस्वी में ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को घुसपैठियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की आहुति दे दी। प्रिंस धीमान निर्देशित और चौहान स्टूडियो के तहत कनु चौहान द्वारा निर्मित, फिल्म केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ को कई भाषाओं में पूरे भारत में 14 मार्च, को सिनेमाघरों में रिलीज किया जायेगा।

# महाशिवरात्रि को समर्पित है 'आदिनाथ शंभू', कैलाश खेर बोले- 'बहुत खास है'

**मुंबई/एजेन्सी**

गायक कैलाश खेर जल्द ही प्रशंसकों के लिए नया ट्रैक 'आदिनाथ शंभू' लेकर आ रहे हैं। खेर का नया गाना महाशिवरात्रि के अवसर पर रिलीज होगा। कैलाश खेर ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि यह गाना भगवान भोलेनाथ को समर्पित है, जो कि बेहद खास है। खेर ने बताया कि भगवान भोलेनाथ को समर्पित गाने के साथ और भी खास बातें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा, 'आदिनाथ शंभू' गीत महाशिवरात्रि के अवसर पर रिलीज होगा, जिसकी रिकॉर्डिंग चल रही है। सबसे अच्छी बात यह है कि भगवान भोलेनाथ को समर्पित गाने को मेरे बड़े भाई शांतनु मुखर्जी, जिन्हें हम प्यार से शान कहते हैं, इस प्रोजेक्ट को लीड कर रहे हैं। उन्होंने इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट दी है और हमें उनपर गर्व है। खेर ने आगे बताया, इस गाने की एक और खास बात यह है कि इसमें सोनू निगम की बहन मीनल निगम भी शामिल हैं। वह हमारे लिए भी बहन की तरह हैं। अगम साहब भी इस टीम में शामिल हैं। उनकी उपस्थिति से हमारा स्टूडियो कैलाश और भी धन्य हो गया। यह एक खूबसूरत पल है। शान भाई ने रिकॉर्डिंग शुरू कर दी है और अब हम ट्रैक को लेयर करेंगे। यह खूबसूरत रचना आप सबके सामने आने के लिए तैयार है।



उन्होंने आगे कहा, कुछ गाने पूरी तरह से मन से गढ़े जाते हैं, लेकिन आध्यात्मिक गाने-खासकर महादेव को समर्पित गानों में एक अलग ऊर्जा होती है। ईश्वरीय प्रेरणा से प्रेरित ऐसे गानों को जब हम गाते हैं तो काफी अच्छा लगता है। हम डबिंग के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। गायक शान ने अपकमिंग भक्ति ट्रैक के बारे में बात की। उनका मानना है कि इस ट्रैक को जो चीज सबसे खास बनाती है, वह है उनका गहरा पारिवारिक बंधन। उन्होंने बताया, कई गाने कई गायकों के साथ रिकॉर्ड किए गए हैं, लेकिन जो बात इस गाने को खास बनाती है वह है हमारा पारिवारिक बंधन। मैं सोनू भाई (सोनू निगम) को कई सालों से जानता हूं और हमारे बीच खास रिश्ता है। हमारे परिवारों के बीच गहरा रिश्ता है। जब मैंने सुना कि सोनू की बहन मीनल इस गाने को प्रोड्यूस कर रही हैं, तो मैं रोमांचित हो गया और कैलाश स्टूडियो में इस गाने की रिकॉर्डिंग इसे और भी खास बनाती है। इस स्टूडियो ने कई तरह की संगीत रचनाएं देखी है और महाशिवरात्रि पर तैयार इस गाने के लिए यह जगह एकदम सही है।

# फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का थिएट्रिकल ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज़ ने एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के साथ मिलकर फिल्म सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव का थिएट्रिकल ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव एक सच्ची कहानी से प्रेरित है और महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह नासिर शेख नाम के एक शौकिया फिल्म निर्माता की जिंदगी पर आधारित है, जो अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस छोटे से कस्बे को फिल्म निर्माण के जुनून के केंद्र में बदलकर पुनर्जीवित करता है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के निर्माता रितेश सिधवानी ने कहा, सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव सपनों और संकल्प का उत्सव है।ऐसी भावनाएँ जिनसे हर कोई जुड़ सकता है। हम अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज़ के साथ सहयोग करके इस प्रेरणादायक कहानी को सिनेमाघरों तक लाने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि यह फ़िल्म दर्शकों के दिलों को गहराई से छूएगी और लाखों लोगों तक पहुंचेगी।



फ़िल्म निर्माता फरहान अख्तर ने कहा, एक फिल्म निर्माता के रूप में, हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसी सार्थक फिल्में बनाना रहा है जो न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकें। सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जो यह दिखाती है कि कोई भी सपना बड़ा नहीं होता, यदि उसे साकार करने के लिए कड़ी मेहनत की जाए। अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज़ के साथ इस अविश्वसनीय प्रोजेक्ट को साकार करने का अवसर पाकर हम बेहद उत्साहित हैं।

फ़िल्म निर्माता ज़ोया अख्तर ने कहा, मैं एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज़ के साथ इस प्रेरणादायक कहानी को साकार करने के लिए सहयोग करके उत्साहित हूँ।एक ऐसी कहानी जो इस बात का जश्न मनाती है कि किसी भी परिस्थिति में कला सृजन की मानवीय इच्छा कभी नहीं रुकती। सुपरबॉयज़ को दुनियाभर की स्क्रीनिंग में जो अपार प्रेम मिला है, वह इस बात की पुष्टि करता है कि यह भावना कितनी सार्वभौमिक है। फ़िल्म की निर्माता रीमा कागती ने कहा, सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव एक ऐसी कहानी है, जो संघर्ष करने वालों की शक्ति और सिनेमा के जादू को दर्शाती है। सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने किया है।

इसके निर्माता रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, ज़ोया अख्तर, और रीमा कागती हैं। फिल्म का निर्देशन रीमा कागती ने किया है और इसकी पटकथा वरुण ग्रोवर ने लिखी है। इस फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, पल्लव सिंह, मंजीरी पुपला, मुस्कान जाफरी और ऋद्धि कुमार जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की शानदार टोली शामिल है। सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव 28 फरवरी को भारत, अमेरिका, यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

**ज्ञानयोग, ध्यानयोग, तपयोग आदि कठिन हैं। भगवान की भक्ति में मन को एकाग्र कर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। भगवान के प्रति अनन्य प्रीति और समर्पण की भूमिका भक्ति को सार्थक करती है। जैनदर्शन में वर्णित भगवान का स्वरूप समझने जैसा है। जो सर्वदोषों से रहित, राग-द्वेष मुक्त आत्मा हो, सिर्फ उन्हीं को जैनदर्शन में भगवान माना जाता है। ऐसे परमात्मा की निष्काम भक्ति ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए जैनदर्शन के अनुसार भगवान और देवी-देवता में मौलिक अंतर है। यहां भगवान का स्थान सर्वोपरि है।**

### सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



डॉ शिवकुमार स्वामी समाज सेवा ट्रस्ट द्वारा बसवेश्वरनगर स्थित नेताजी खेल मैदान में शॉर्ट पिच क्रिकेट स्पर्धा शिवकुमार स्वामी कप का आयोजन किया गया, जिसमें 10 से भी ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने शिव कुमार स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम अति आवश्यक है। खेलकूद से शारीरिक मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास होता है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

## 'दूसरों को प्रेरणा देने से पहले आत्मावलोकन अवश्य करें'

बेंगलूरु। शहर के चामराजपेट जैन स्थानक में विराजित श्री शिविराचार्य श्री विनयमुनिजी खींचन ने प्रवचन सभा में कहा कि सामूहिक उपदेश तीर्थकर भगवान देशना रूप देते थे। याद रहे कि तीर्थंकर प्रभु आग्रह रूप उपदेश नहीं देते थे। साधु व श्रावक ये दोनों प्रकार के धर्म आचार,विचार के सिद्धान्तों को गहराई से समझाते थे। किसी पर दबाव या प्रेशर डालना धर्म नहीं होता है। सिद्धान्तों को समझाने का उपदेश जरूर त्यागी वर्ग दें, परन्तु प्रत्येक पहले अपनी शारीरिक व मानसिक बल व धैर्य–क्षमा समता की शक्ति को जानकर ही बारह प्रकार की तपस्या का आचरण उतारें।पहले संयमी को स्वयं अपने जीवन में तपस्या को स्थान देना चाहिए। संघ प्रवक्ता सुखवीरचंद जैन ने सभी का स्वागत किया।



# कोई नहीं कर सकता निष्ठाभावना और नैतिकता की बराबरी : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिव्वगोग्गा। गुरुवार को शहर के सर एम. विश्वेश्वरैया मार्ग पर स्थित कुवेंपु रंग मंदिर में जैन समाज के चारों संप्रदायों की संयुक्त धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि आज जहां देखो वहां निष्ठाभावना और नैतिक मूल्यों का अभाव दिखाई देता है। हर किसी में स्वार्थ इस कदर व्याप्त है कि मनुष्य भीतर से दिवालिया हो गया हों, ऐसा प्रतीत होता है। सौ में एक व्यक्ति निष्ठावान और नैतिक खोजना मुश्किल हो रहा है। मतलबी मानसिकता, वैचारिक पतन और तुच्छताओं के प्रति मनुष्य का अत्यधिक आकर्षण उसके सत्वशाली जीवन की असीम संभावनाओं को समाप्त कर रहे हैं। पहले बलिदानी आत्माएं जन्म लेती थीं। उनकी उपस्थिति मात्र से जमाने का रुप–रंग बदल जाता था। वे न्याय, नीति, प्रेम, सदाचार और भाईचारे में विश्वास करती थीं। अब तो मनुष्य पशु के कमतर उतरने को तैयार है।

जो परिवार के साथ भी विश्वासघात करते हैं, समाज को तोड़ कर बरबाद कर देते हैं, धर्म उनके लिए शांति का नहीं, अशांति का हथियार है और राष्ट्र की जिन्हें तनिक भी चिंता नहीं है। ऐसे लोग निष्ठाभावना और नैतिकता की रक्षा नहीं कर सकते। ऐसे लोग मानवता की सेवा करने के लायक भी नहीं होते।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि धर्म, समाज, राष्ट्र, मानवता या जीवन मूल्यों के प्रति मनुष्य का दृढ़ निश्चयी और समर्पित बनना, उसके निष्ठावान होने का अर्थ है।

उसी तरह सत्य, सदाचार, न्याय व नीति पूर्वक सोचना और जीना, मनुष्य के नैतिक होने का परिचायक है। निष्ठाभावना और नैतिकता, ये दोनों महान गुण कहीं बाजार में नहीं बिकते कि उन्हें किसी कीमत पर खरीदा जा सके। हकीकत में ये दोनों गुण या तत्व अपने भीतर कड़ा पुरुषार्थ कर पनपाने पड़ते हैं। रातोरात कोई मनुष्य निष्ठा संपन्न और नैतिक नहीं बन सकता। यह जीवन की अनुपम साधना और सिद्धि है। नेक इरादे, सतत संघर्ष, जीवन मूल्यों के प्रति समर्पण और निस्वार्थ भावना से यह साधना और सिद्धि प्राप्त होती है। भद्रावती से पदयात्रा कर शिवमोग्गा पहुंचने पर आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी, गणि पद्मविमलसागरजी आदि श्रमणजनों का जैन समाज ने भव्य स्वागत किया। आदिनाथ जिनालय में सामूहिक चैत्यवंदना हुई। रात्रिकालीन प्रवचन सत्र में गणि पद्मविमलसागरजी ने धर्मतत्व की रोचक विवेचना की।

# माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं के उत्पीड़न को नियंत्रित करने के लिए सरकारी अध्यादेश पारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जो व्यक्ति जबरन धन वसूली में संलिप्त पाया जाता है, उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है, तथा दस वर्ष तक का कारावास हो सकता है, तथा 5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ये अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती दोनों प्रकार के हैं। किसी भी पुलिस अधिकारी को ऐसे मामले दर्ज करने से इनकार नहीं करना चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) के पद से नीचे का कोई अधिकारी स्वप्रेरणा से मामला दर्ज नहीं कर सकता। सरकार को इस अध्यादेश के कार्यान्वयन के लिए समय-समय पर निर्देश जारी करने की शक्ति होगी। इस आदेश का उद्देश्य आरबीआई और केंद्र/राज्य सरकारों द्वारा पंजीकृत नहीं होने वाली माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं में वित्तीय अनुशासन को बढ़ाना तथा उधारकर्ताओं को उत्पीड़न और बलपूर्वक वसूली उपायों से बचाना है।**

बेंगलूरु। सरकार ने मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग द्वारा माइक्रोफाइनेंस संस्थानों से लिए गए ऋण को न चुकाने वाले उधारकर्ताओं के विरुद्ध माइक्रोफाइनेंस संस्थानों, ऋण एजेंसियों और साहूकारों द्वारा उत्पीड़न और बलपूर्वक वसूली उपायों को नियंत्रित करने के लिए 12 फरवरी से कर्नाटक सूक्ष्म (सूक्ष्म) ऋण और लघु ऋण (जबरदस्ती उपायों का निषेध) अध्यादेश, 2025 लागू किया है।

सरकार के मुख्य सचिव डॉ. शालिनी रजनीश ने बताया कि माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं को उधारकर्ताओं से कोई सुरक्षा नहीं लेनी चाहिए। ग्राहकों से ली जाने वाली ब्याज दरों को पारदर्शी रूप से लिखित रूप में सूचित किया जाना चाहिए। यह आदेश केवल उन माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं पर लागू होगा जो भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के साथ पंजीकृत नहीं हैं। लगभग 1.09 करोड़ उधारकर्ताओं को पंजीकृत संस्थाओं से अनुमानित 60,000 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हुआ है। यद्यपि अपंजीकृत संस्थाओं से ऋण लेने वालों के बारे में सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं है, लेकिन ऐसी जानकारी है कि उन्होंने अनुमानतः 40,000 करोड़ रुपये का ऋण लिया है।

माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं के लिए उन जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों के पास पंजीकरण कराना अनिवार्य है जहां वे काम करती हैं। इन संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली ब्याज दरें, उधारकर्ताओं की जानकारी तथा गैर–निष्पादित ऋणों का विवरण जिला कलेक्टर को दिया जाना चाहिए। तिमाही एवं वार्षिक कारोबार का विवरण जिला कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। निर्धारित अवधि के भीतर सूचना प्रस्तुत न करने पर 6 महीने का कारावास या 10 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। सरकार को अधिसूचना के माध्यम से विवाद समाधान के लिए लोकपाल नियुक्त करने का अधिकार है।




# जेबीएन विमन बिजनेस रेफरल ग्रुप-वी कनेक्ट की बैठक आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो नॉर्थ चेप्टर द्वारा आयोजित जेबीएन वी कनेक्ट ने अपनी तीसरी बैठक राजाजीनगर स्थित जीतो ऑफिस में चेयरपर्सन लक्ष्मी बाफना भी उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य वक्ता सॉफ्ट स्किल ट्रेनर व ब्लूम लर्निंग एंड वेलबिइंग संगठन के मानसी पनानी ने नेटवर्किंग के महत्व पर प्रकाश डाला ओर बताया कि प्रभावी बातचीत और संचार के माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व को कैसे निखार सकते हैं और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। मीनू जैन ने अपने व्यवसाय प्राणलिविंग पर एक 8 मिनट की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने होम फर्निशिंग शोरूम और विशेष रूप से अपने प्राकृतिक गद्दों के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

शैक्षणिक सत्र में जीया जैन ने रेफरल के महत्व को समझाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सीमा शाह, उपाध्यक्ष मीना जैन और मंत्री लीला पितलिया ने की। बैठक में सबसे ज़्यादा बिज़नेस देने के लिए केजल जैन को सम्मानित किया गया और सबसे ज़्यादा रेफ़रल देने के लिए जीया जैन को पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी सदस्याओं ने एक–दूसरे के साथ नेटवर्किंग की।

# मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या कार्यकाल पूरा करेंगे, 10 साल तक पद पर रहकर रिकॉर्ड बनाएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच, प्रदेश सरकार के कुछ मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और दस साल तक (मुख्यमंत्री) पद पर रहने का रिकॉर्ड कायम करेंगे। मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वकांक्षा को उजागर करने वाले प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंत्रियों के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मई 2023 में मुख्यमंत्री बने सिद्दरामय्या का यह दूसरा कार्यकाल है। इससे पहले वह 2013 से 2018 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

प्रदेश के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, विधायकों ने सिद्दरामय्या को कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) का नेता चुना है। उस वक्त हमें किसी ने नहीं कहा था कि सिद्दरामय्या ढाई साल के लिये चुने गये हैं और उसके बाद उन्हें बदल दिया जायेगा। हमारे मुताबिक, वह पांच साल के लिये चुने गये हैं और इस पर हमारा विश्वास कायम है।

सिद्दरामय्या द्वारा कथित तौर पर देवराज उर्स से अधिक समय तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने का रिकार्ड बनाने की इच्छा व्यक्त करने के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में परमेश्वर ने कहा, यदि वह (सिद्दरामय्या) पांच वर्ष पूरा करते हैं तो यह स्वाभाविक रूप से एक रिकार्ड होगा और मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। इस वर्ष के अंत में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कांग्रेस के भीतर अटकलें लगाई जा रही हैं। मई 2023 में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्दरामय्या और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में कामयाब रही थी और उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया था। उस समय ऐसी खबरें थीं कि रोटेशनल ''मुख्यमंत्री फॉर्मूले'' के आधार पर समझौता हुआ है जिसके तहत शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे, हालांकि, पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई थी। सिद्दरामय्या के पांच साल पूरा करने के परमेश्वर के बयान के बारे में पूछे जाने पर शिवकुमार ने कोई उत्तर नहीं दिया। उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने भी कहा, देवराज उर्स करीब सात साल तक मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या सात साल पूरा करने वाले हैं। वह वास्तव में दस साल पूरा करेंगे। वह अपना पूरा कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आलाकमान सर्वोच्च हैं और वे जो कहते हैं वही अंतिम होता है। उन्होंने कहा कि, आलाकमान ने उन्हें (सिद्दरामय्या) मुख्यमंत्री बनाया है और यह पद खाली नहीं है।

पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और अगला चुनाव उनके नेतृत्व में होगा और एक बार फिर कांग्रेस सत्ता में आएगी। समाज कल्याण मंत्री एच सी महादेवप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा, ...वह (सिद्दरामय्या) सार्वजनिक जीवन में बने रहना चाहते हैं। वह इसमें बने रहेंगे....वह बहुत स्पष्ट हैं कि सार्वजनिक जीवन का उद्देश्य और इरादा राज्य और लोगों की सेवा करना है। जब ऐसा तथ्य है, तो किसी भी संदेह का कोई सवाल ही नहीं है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली ने कहा कि ''कई लोगों ने कहा है कि मुख्यमंत्री (सिद्दरामय्या) पद पर बने रहेंगे। पूर्व सांसद डी के सुरेश (शिवकुमार के भाई) ने भी यही कहा है। मेरी भी यही राय है, चलिए इंतजार करते हैं और देखते हैं...।''

### संत दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु शहर के भगवान महावीर जैन अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे उपप्रवर्त्तक नरेशमुनि जी के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने के लिए चंडीगढ़ से हरियाणा और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया अस्पताल पहुंचे। ज्ञातव्य है कि संतश्री नरेशमुनिजी का एक दिन पहले ही एंजियोप्लास्टी ऑपरेशन हुआ है जिसमें एक स्टंट लगाया गया है ।राज्यपाल कटारिया ने गुरु दर्शन कर कुशलक्षेम पूछी और आशीर्वाद लिया। उन्होंने गुरुदेव को आदर स्वरूप एक चादर भेंट की तथा गुरुनी माँ दर्शनप्रभाजी को उनके 50वें दीक्षा दिवस की शुभकामना दी। इस अवसर पर जैन अस्पताल के मोहनलाल रांका, पारसमल भंडारी, प्रकाश, डॉ सीआर छल्लाणी, डॉ योगेश कोठारी आदि उपस्थित थे। इनके साथ गुरु ज्येष्ठ पुष्कर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख मार्गदर्शक मीठालाल भंसाली, समाज सेवी बाबूलाल रांका, उपाध्यक्ष उत्तमचंद रातड़िया, अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा, महामंत्री महावीरचंद मेहता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गुलेच्छा, नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष राकेश लुकड़ , मंत्री पवन भंसाली ने राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया का सम्मान किया।

## बेंगलूरु की बहुचर्चित एयर टैक्सी ने 'इन्वेस्ट कर्नाटक-2025' सम्मेलन में सबका ध्यान खींचा

बेंगलूरु। सरला एविएशन की एयर टैक्सी भले ही बेंगलूरु में चल रही विमानन प्रदर्शनी में विमानों की भीड़ में खो गई हो, लेकिन 'इन्वेस्ट कर्नाटक–2025' शिखर सम्मेलन में इसका प्रोटोटाइप 'शून्य' स्पष्ट रूप से छा गया है। लोग इसके बारे में अधिक जानकारी लेने और सेल्फी के लिए इसके चारों ओर घूम रहे हैं। बेंगलूरु में ही आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट कर्नाटक–2025' के दूसरे दिन सरला एविएशन के संस्थापकों में से एक दिनेश एयर टैक्सी के बारे में जानने को उत्सुक दर्शकों के सवालों के जवाब देते हुए थक गए। जब पिछले साल अक्टूबर में इस एयर टैक्सी की खबर आई थी तो यह 'पीक बेंगलूरु' मीम का विषय बन गया था। दरअसल घोषणा की गई थी कि इलेक्ट्रॉनिक सिटी से एयरपोर्ट तक की यात्रा में केवल 19 मिनट और 900 रुपये लगेंगे। सड़क मार्ग से इसमें लगभग दो घंटे लगते हैं। कई बेंगलूरुवासियों को यह कीमत भी अविश्वसनीय लगी, जिन्हें कैब द्वारा एयरपोर्ट तक की यात्रा के लिए कम से कम 1,000 रुपये खर्च करने पड़े। दिनेश ने कहा कि कंपनी को अभी तक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से एयर टैक्सी के परिचालन की मंजूरी नहीं मिली है। उन्होंने कहा, एक बार यह हो जाए, तो हम तुरंत अपने बेड़े में दो विमान शामिल कर सकेंगे। उन्होंने अनुमान लगाया कि मंजूरी प्राप्त करने में लगभग 18 महीने का समय लगेगा।

### मुलाकात




गुरुवार को विधानसौधा में राज्य के विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिए कैबिनेट उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने की। बैठक में मंत्री एच.के. पाटिल, एच.सी. महादेवप्पा, डॉ. शरण, प्रकाश पाटिल, कृष्णा बायरे गौड़ा, डॉ. एम.सी. सुधाकर और अधिकारियों ने भाग लिया।

# अगर किरोड़ीलाल का टेलीफोन टेप किया है तो क्राइम किया है सरकार ने : आशोक गहलोत

जयपुर/दक्षिण भारत। पूर्व मुख्यमंत्री आशोक गहलोत ने गुरुवार को पीसीसी में प्रेसवार्ता में किरोड़ीलाल मीणा के राज्य सरकार पर लगाए फोन टेपिंग के आरोपों के सवाल पर जवाब दिया। गहलोत ने कहा कि मैं तो क्या कमेंट कर सकता हूं, क्योंकि इस बात का रहस्य बना हुआ है कि, अध्यक्ष जी मेरे पास खड़े हैं, ये भी वहां मौजूद थे, मिस्टर जूली जो नेता प्रतिपक्ष हैं वो वहीं थे, पूरा हाउस का विपक्ष मांग कर रहा था भई आप बताइए वास्तविकता क्या है। मेरे वक्त में भी आरोप लगे थे टेलीफोन टेप के , मैनें खुद ने हाउस में खड़े होके कहा कोई भी मेंबर ऑफ पार्लियामेंट का एमपी का, एमएलए का टेलीफोन टेप न हुआ है, न हो रहा है, न होगा आगे। तो अगर टेप नहीं हो रहा है तो मेरी तरह मिस्टर भजनलाल जी को जो नेता हैं सदन के, मुख्यमंत्री भी हैं गृह मंत्री भी हैं, उनको मेरी तरह बात कहने का क्यों नहीं भाव आया? क्यों नहीं उन्होंने स्पष्ट किया प्रदेशवासियों को कोई टेप नहीं किया गया है किरोड़ीलाल मीणा जी का।

बात खत्म हो जाती, विपक्ष के साथी सहयोग करते, बहस होती, जो बहस चल रही थी अभिभाषण पर। मिस्टर जूली जवाब देते, बोलते, मुख्यमंत्री जवाब सुनते।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.